(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

आश्रम की साध्वी ...8



लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

शनिवार, 08 जनवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 20 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## NEET-PG काउंसलिंग के लिए एससी से मिली हरी झंडी, इस साल जारी रहेगा ओबीसी और ईडब्ल्यूएस आरक्षण



नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नीट पीजी काउंसलिंग में आर्थिक कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को हरी झंडी दिखा दी है। जिसके मुताबिक ओबीसी छात्रों को 27 फीसदी आरक्षण मिलेगा। वहीं, साल 2021–22 में ईडब्लूएस छात्रों के लिए 10 फीसदी आरक्षण प्रभावी रहेगा। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने कहा साल 2021–22 के लिए नीट पीजी की काउंसलिंग पहले के मानदंडों के आधार पर ही होगी। पीठ ने कहा कि आने वाले सालों में ईडब्ल्यूएस के लिए 8 लाख की आय संबंध ी मानदंड की वैधता पर निर्णय याचिकाओं पर सुनाई के बाद ही लिया जाएगा। पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पांच मार्च की तारीख तय की है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट छात्रों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है जिसमें मौजूदा अकादमिक वर्ष के लिए नीट–पीजी में चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण और ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध कराने के लिए केंद्र तथा मेडिकल काउंसिलिंग कमिटी के 29 जुलाई के नोटिस को चुनौती दी गई थी। नीट–पीजी काउंसलिंग में हो रही देरी से डॉक्टरों में काफी रोष था और उन्होंने कहा था कि काउंसलिंग शुरू करने की तत्काल आवश्यकता है। पिछले दिनों काउंसलिंग में देरी को लेकर दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के बैनर तले विभिन्न अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टरों ने बड़े पैमाने पर विरोध ा प्रदर्शन भी किया था। जिसकी वजह से ओपीडी सेवाएं प्रभावित भी हुई थीं।

## राहुल गांधी ने पैंगोंग के पास चीनी पुल को बताया राष्ट्रीय सुरक्षा में बड़ी चूक

### पूछा क्या पीएम कभी इस बारे में बात करेंगे?



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में 'गंभीर चूक' की घटना की पृष्ठभूमि में शुक्रवार को उन कटाक्ष करते हुए कहा कि क्या प्रधानमंत्री देश की सीमाओं पर 'राष्ट्रीय सुरक्षा में हो रही बड़ी चूक' पर कभी बात करेंगे। उन्होंने 'पैंगोंग सो' और 'चाइना'हैशटैग से ट्वीट किया, ''हमारी सीमाओं पर जो हो रहा है, वह राष्ट्रीय सुरक्षा में बड़ी चूक है। क्या प्रधानमंत्री कभी इस बारे में बात करेंगे?'' राहुल गांधी ने यह टिप्पणी उस वक्त की है जब पंजाब में प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा में 'गंभीर चूक' के मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच इन दिनों आरोप–प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। उल्लेखनीय है कि चुनावी राज्य पंजाब के दौरे पर गए प्रध ाानमंत्री मोदी की सुरक्षा में गत बुधवार को उस वक्त ''गंभीर चूक'' की घटना हुई, जब फिरोजपुर में कुछ प्रदर्शनकारियों ने एक सड़क मार्ग को अवरुद्ध कर दिया जहां से उन्हें गुजरना था। इस वजह से प्रधानमंत्री एक फ्लाईओवर पर करीब 20 मिनट तक फंसे रहे। घटना के बाद प्रधानमंत्री दिल्ली लौट आए। वह पंजाब में ना तो किसी कार्यक्रम में शामिल हुए और ना ही दो साल के बाद राज्य में अपनी पहली रैली को संबोधित कर सके। पंजाब में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं।

## कब सुधरेगा चीन ? अरुणाचल में ड्रैगन की गुस्ताखी पर भारत ने कही ये बड़ी बात



नई दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश में चीन की गुस्ताखी पर उसे करारा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बीजिंग ने नई दिल्ली के साथ भड़काऊ व्यवहार करना जारी रखा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने चीनी सरकार को अरुणाचल प्रदेश में 15 स्थानों के लिए नए नाम जारी करने को ष्अस्थिर क्षेत्रीय दावों का समर्थन करने के लिए हास्यास्पद अभ्यासष करार दिया। अरुणाचल प्रदेश में चीन द्वारा अपनी तरफ से स्थानों का नाम बदले जाने पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमें उम्मीद है कि चीन इस तरह की हरकतों के बजाय पूर्वी लद्दाख में विवाद के बिंदुओं को हल करने के लिए काम करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने चीन को याद दिलाया कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का एक अविभाज्य हिस्सा रहा है और रहेगाष और टुटिंग को ष्डौडेंगष या नदी सियोम को ष्शीयुमुष या यहां तक घ्घ्घकि किबिथु को ष्डाबाष कहने से ष्तथ्य नहीं बदलेगा। चीन भारतीय राज्य को तथाकथित ष्दक्षिण तिब्बतष के रूप में देखता है और अतीत में इस तरह के कदमों में शामिल रहा है। चालबाज चीन ने अप्रैल 2017 में भी नाम बदलने का प्रयास किया था।

## उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भूकंप के झटके, अयोध्या के पास 4.3 तीव्रता मापी गयी

उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में 7 जनवरी की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गये। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के अयोध्या के पास रिक्टर पैमाने



पर 4.3 तीव्रता का भूकंप आया, नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (छैब्) ने शुक्रवार (7 जनवरी) को सूचित किया। एनसीएस के मुताबिक अयोध्या से 176 किमी एनएनई में भूकंप आया। एनसीएस ने ट्वीट करते हुए लिखा कि परिमाण का भूकंपरू 4.3, 06–01–2022, 23रू59रू22 प्ै, अक्षांशरू 28.14 और लंबारू 83.14, गहराईरू 15 किमी, स्थानरू अयोध्या, उत्तर प्रदेश के 176 किमी एनएनई पर हुआ। इससे दो दिन पहले रिक्टर पैमाने पर 3.7 तीव्रता के भूकंप ने बुधवार तड़के सिक्किम के रवंगला को झटका दिया, इस जानकारी को भी नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने साझा किया था। एनसीएस के मुताबिक, भूकंप के झटके पांच किलोमीटर की गहराई में थे और रवंगला से 12 किलोमीटर उत्तर में सुबह करीब 3:01 बजे आए।

## ओमीक्रोन कम गंभीर भले है लेकिन इसे हल्के में नहीं लें: डब्ल्यूएचओ की चेतावनी

### 214 दिनों बाद देश में कोरोना वायरस के एक दिन में एक लाख से अधिक यानि 1,17,100 मामले दर्ज



देश में कोरोना वायरस के एक दिन में आने वाले मामले 214 दिनों बाद एक लाख से अधिक यानि 1,17,100 मामले दर्ज किए गए हैं जिससे संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़ कर 3,52,26,386 हो गयी है। हम आपको बता दें कि इनमें 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश से ओमीक्रोन स्वरूप के 3,007 मामले भी शामिल हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शुक्रवार सुबह के आंकड़ों के अनुसार, अभी तक आए ओमीक्रोन के कुल मामलों में से 1,199 लोग स्वस्थ हो गए या देश छोड़कर चले गए हैं। महाराष्ट्र में सबसे अधिक 876 मामले आए। इसके बाद दिल्ली में 465, कर्नाटक में 333, राजस्थान में 291, केरल में 284 और गुजरात में 204 मामले आए। इसके साथ ही देश में एक दिन में 302 मरीजों के जान गंवाने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 4,83,178 हो गयी है। इस बीच, देश में कोविड–19 रोधी टीके की कुल खुराक 149 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है जिसमें 15–18 वर्ष के आयु वर्ग के एक करोड़ 65 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को पहली खुराक दी गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। ओडिशा में नाइट कर्फ्यू: इस बीच ओडिशा से खबर है कि वहां के स्वास्थ्य मंत्री नव किशोर दास कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने कहा है कि उनमें संक्रमण की पुष्टि हुई और अभी वह गृह पृथक–वास में हैं। मंत्री में हालांकि संक्रमण के कोई लक्षण नहीं मिले हैं। नव किशोर दास ने ट्वीट किया, ''पिछले तीन दिन में मेरे संपर्क में आए लोगों से मैं आग्रह करता हूं कि वे खुद की जांच करवा लें।श् इसके साथ ही ओडिशा ने राज्य में बढ़ रहे कोरोना मामलों को देखते हुए नई गाइडलाइंस जारी की हैं और नाइट कर्फ्यू लगा दिया है। डब्ल्यूएचओ की चेतावनी: जहां तक कोरोना के वैश्विक मामलों की बात है तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि 27 दिसंबर से दो जनवरी के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के नये वैश्विक मामलों में 71 फीसदी की वृद्धि देखी गई जबकि इसी अवधि में मौत के मामलों में 10 फीसदी की गिरावट रही। हम आपको बता दें कि कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को नए मामलों में वृद्धि के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। डब्ल्यूएचओ के प्रमुख ने चेताया है कि ओमीक्रोन के कारण आई श्मामलों की सुनामीश ने दुनियाभर में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली पर बोझ अत्याधि ाक बढ़ा दिया है। डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, सभी क्षेत्रों में साप्ताहिक मामलों में वृद्धि देखी गई है जिसमें से अमेरिका में सर्वाधिक 100 फीसदी का इजाफा हुआ है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक ने जिनेवा में प्रेसवार्ता के दौरान चेताया कि वायरस का नया स्वरूप ओमीक्रोन, भले ही डेल्टा स्वरूप से कम गंभीर प्रतीत होता हो लेकिन इसका यह कतई मतलब नहीं कि इसे श्हल्केश की श्रेणी में रखना चाहिए।

## प्रधानमंती की सुरक्षा में चूक कतई स्वीकार्य नहीं, ऐसी गलतियां नहीं होनी चाहिए: केरल के राज्यपाल



इंदौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया पंजाब दौरे में उनकी 'सुरक्षा में चूक' पर चिंता जताते हुए केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को कहा कि ऐसी गलतियां कतई स्वीकार्य नहीं हैं। खान ने प्रध ाानमंत्री की 'सुरक्षा में चूक' को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर इंदौर में पीटीआई–से कहा, यह चूक बहुत अफसोसनाक है और मैं इससे दु:खी हूँ। ऐसी गलतियां नहीं होनी चाहिए और ये कतई स्वीकार्य नहीं हैं। मुद्दे पर जारी सियासी खींचतान पर उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि उनका इस विषय पर कुछ भी बोलना ठीक नहीं है। खान ने बृहस्पतिवार को कहा था कि यदि केरल सरकार की ओर से विश्वविद्यालयों के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने का कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं दिया जाता है, तो वह कुलाधिपति का पद छोड़ देंगे। इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, राज्य के विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति होना मेरी संवैधानिक नहीं, बल्कि वैधानिक जिम्मेदारी है। केरल के राज्यपाल ने कहा, जब शैक्षणिक संस्थानों में दखलंदाजी होती है, तो यह मन को भारी लगता है। इसलिए (कुलाधिपति पद के लिए) आप (केरल सरकार) कोई दूसरा इंतजाम कर लीजिए। खानमध्य प्रदेश के स्टेट प्रेस क्लब के एक कार्यक्रम में शामिल होने इंदौर आए थे।

## ये संयोग नहीं, पीएम की हत्या की साजिश थी

### गिरिराज सिंह बोले– महादेव की कृपा से बच गए



पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर भाजपा लगातार पंजाब सरकार और कांग्रेस पर हमलावर है। इसी कड़ी में आज भाजपा के कद्दावर नेता गिरिराज सिंह ने कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व पर बड़ा हमला किया है। गिरिराज सिंह ने साफ तौर पर कहा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई है बल्कि यह साजिश है और यह केंद्रीय आलाकमान के निर्देश पर किया गया है। गिरिराज सिंह ने साफ तौर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की साजिश की गई है और इसके लिए चरणजीत सिंह चन्नी नहीं बल्कि कांग्रेस आलाकमान जिम्मेदार है। उन्होंने यह भी कहा कि फिरोजपुर पाकिस्तान से काफी नजदीक पड़ता है और ऐसे में उधर से कुछ भी बड़ी वारदात को अंजाम आ जा सकता था। इससे पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक वीडियो शेयर करते हुए ट्वीट कर लिखा था कि वीडियो देखकर साजिश का अंदाजा लगाया जा सकता है कि कैसे फ्लाईओवर के प्रधानमंत्री को रोका गया। जाँच सही से हो और कोई साजिशकर्ता बच नहीं पायें। गिरिराज ने अपने ट्वीट में यह भी लिखा कि पीएम को मौत के कुएं में फंसाना कोई इत्तेफाक नहीं यह साजिश थी..महादेव की कृपा से बच गए।

## पीएम मोदी की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर एमपी बीजेपी के नेता बैठेंगे मौन धरने पर

भोपाल। पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक के मामले में मध्य प्रदेश की सियासत गरमा गई है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक के बाद उनकी दीर्घायु के लिए बीजेपी ने गुरुवार को शिवालयों मे महामृत्युंजय मंत्र जाप किया था। अब बीजेपी मोदी के समर्थन में सप्ताहभर अभियान चलाएगी। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा को लेकर पंजाब की कांग्रेस सरकार द्वारा किये गए बर्ताव के विरोध में आज भारतीय जनता पार्टी पुरानी विधानसभा कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटर स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन धरना देगी। जानकारी मिली है कि इस धरने में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्रीगण , पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी एवं नेतागण शामिल होंगे। वही इस मौन धरने के पश्चात नेतागण 4 बजे राज्यपाल महोदय को ज्ञापन देने राजभवन जाएंगे। बुद्धिजीवी निंदा प्रस्ताव जारी करेंगे।इसके साथ ही जिलों में गांधी प्रतिमा के सामने कांग्रेस को सद्बुद्धि देने की मांग को लेकर 2 घंटे तक बीजेपी नेता– कार्यकर्ता मौन धरना देंगे। इसके बाद 10 जनवरी को 'हमारे प्रधानमंत्री हमारे अभियान' के नारे के साथ जिला मुख्यालयों पर मानव श्रंखला बनाई जाएगी।




## पीएम कर रहे हैं पंजाब का अपमान, सड़क से जाने का प्लान नहीं था तो कैसे गए: सिद्धू



चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पंजाब का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय मुद्दा है और प्रध ाानमंत्री मोदी आप भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ही नहीं बल्कि पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं और आपकी जान की कीमत इस देश का बच्चा–बच्चा जनता है और आप इस राज्य का इसकी पंजाबियत का अपमान कर रहे हैं यह कहकर कि यहां आपकी जान को खतरा था।

सिद्धू ने कहा कि प्रधानमंत्री जी जितने तिरंगे आपने, आपकी पार्टी ने और संघ ने जिंदनी ने नहीं फहराए होंगे, उतने तिरंगे हमारे पंजाब के सपूतों की लाशों पर लपेटे जाते हैं। इसीलिए मैं कह रहा हूं कि यह एक स्वांग है और ड्रामा है। उन्होंने कहा कि इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ होगा कि 70 हजार कुर्सियों में 500 बंदों को हिन्दुस्तान का प्रधानमंत्री संबोधित करें। एक पूर्व मुख्यमंत्री तो बेशर्म हो सकता है कि वो खाली कुर्सी को संबोधित कर रहा था।

इसी बीच उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा क्या सिर्फ पंजाब की पुलिस तक ही सीमित है। क्या उसमें आईबी, रॉ और केंद्रीय एजेंसियों के हजारों लोग उसमें लगे होते हैं। जब सड़क से जाने की योजना नहीं थी तो फिर योजना कैसे बदली। सिद्धू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भाजपा की नाकामी को नजरअंदाज करने के लिए यह बहाना रचा है। सिद्धू ने कहा कि उन्हें (भाजपा) राजनीति करनी बंद कर देनी चाहिए। पंजाब में राष्ट्रपति शासन की मांग करने वाले आपके तोते हैं।

क्या है पूरा मामलाः पंजाब दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला बुधवार को सामने आया। दरअसल, पंजाब दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का सड़क मार्ग कुछ प्रदर्शनकारियों ने अवरुद्ध कर दिया था। जिसकी वजह से प्रधानमंत्री मोदी को एक फ्लाईओवर पर 15 से 20 मिनट का इंतजार करना पड़ा था और फिर उन्होंने बठिण्डा वापस लौटने का निर्णय लिया था।

# मुख्य सचिव और डीजीपी ने राम मन्दिर की सुरक्षा का लिया जायजा

## रामलला का किया दर्शन कर मन्दिर निर्माण का भी किया निरीक्षण

अयोध्या। गुरूवार को मुख्य सचिव और डीजीपी रामनगरी अयोध्या के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान दोनों ने ही हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन–पूजन करने के बाद सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही निर्माणाधीन राम मंदिर स्थल का भी निरीक्षण किया। आयुक्त सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा करने के बाद मुख्य सचिव ने कहा कि अयोध्या विकास के पायदान पर चढ़ रहा है। श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आने वाले दिनों में यहां चार्टड प्लेन उतरेंगे। इसी के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई है। सुबह करीब 10 बजे रामनगरी पहुंचे मुख्य सचिव दुर्गा प्रसाद मिश्र व डीजीपी मुकुल गोयल ने पूजा अर्चना करने के बाद राम जन्मभूमि परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आस्था का केंद्र होने के नाते यहां दुनिया भर से श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण है कि यहां कि सुरक्षा कैसे पुख्ता की जाए। इस पर काफी मंथन हुआ है। दूर देशों व अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को समस्याएं न हो इसके लिए अलग से सिक्योरिटी होनी चाहिए।इस पर मंथन हुआ है। अभी हम लोग आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। शताब्दी वर्ष तक अयोध्या विकास के सबसे ऊंचे पायदान पर होगी। उस समय जो भी अयोध्या आएगा उसकी आंखे देखती रह जाएंगी। उस दौरान बाहर से आने वाले लोग यहां चार्टर्ड प्लेन से आएंगे। इस दौरान मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक केपी सिंह व अन्य अफसर मौजूद रहे।

# सवारियों से भरी टैम्पो पल्टी, चालक की मौत, आठ घायल,बड़ा हादसा होने से बचा

गोण्डा।(आरएनएस ) सवारी लेकर दर्जी कुआ जा रही टैम्पो अयोध्या मार्ग स्थित पांडेय पुर के पास टैम्पो की कमानी टूटने से अनियंत्रित होकर पलट गई , जिसके नीचे दबकर चालक की मौत हो गई। टैम्पो में सवार आठ लोग घायल हो गए। उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज कराया गया।

चूंकि यह गोण्डा अयोध्या हाइवे है सैकड़ो की संख्या में वाहन तेज गति से दौड़ते है गनीमत यह रहा कि टैम्पो पलटने के दौरान कोई वाहन नही गुजरा। महिला अस्पताल से एक टैम्पो दर्जी कुआ के लिए सवारी बैठाया और लेकर जा रहा था। अयोध्या हाइवे मार्ग स्थित पांडेय पुर के पास टैम्पो की पिछले हिस्से की कमानी अचानक टूट गई और टैम्पो अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई। टैम्पो में सवार 45 वर्षीय कलावती पत्नी अजय कुमार, 40 वर्षीय अरविंद कुमार निवासी मनका पुर बाजार, 35 वर्षीय रोहित कुमार निवासी सिसवरिया झिलही मनका पुर, 45 वर्षीय मीना पत्नी गौरी शंकर निवासी भट्टा परेड नगर कोतवाली, 35 वर्षीय सुनीता पत्नी शिव कुमार निवासी खुशली पुरवा कर्नल गंज,और 10 वर्षीय सुनीता का पुत्र विनय कुमार, टैम्पो चालक 55 वर्षीय रईस निवासी पटेलनगर कोतवाली नगर दब गए। टैम्पो को हटाने के बाद घायल लोगो को बाहर निकाला गया। रईस को मरनासन्न हालत में जिला अस्पताल लेकर गए। जहाँ चिकित्सक ने देखने के बाद म्रत्यु घोषित कर दिया। बाकी लोगो को वही नजदिकी स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज कराने के बाद छोड़ दिया गया।

## ट्रान्सपोर्ट कम्पनी का रु 17 लाख का माल जब्त करने वाले दुकानदार से पुलिस ने कराया माल वापस

गोण्डा। (आरएनएस )जनपद उन्नाव के ट्रान्सपोर्ट वेसकॉन कम्पनी के लेखाधिकारी सुशील पाठक द्वारा पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर हिन्दुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड कम्पनी का करीब 17 लाख रूपये का समान अपने ट्रान्सपोर्ट जनपद उन्नाव से दिनांक 16 दिसम्बर को थाना करनैलगंज के बालपुर स्थित श्याम किराना स्टोर को भेजा गया था। ट्रक चालक द्वारा उक्त माल को अवध एजेन्सी बालपुर सुधीर कुमार पाण्डेय के यहॉ उतार दिया गया था। ट्रान्सपोर्ट कर्मी सुशील पाठक द्वारा जब अवध एजेन्सी के संचालक से सम्पर्क किया गया तो अवध एजेन्सी के संचालक द्वारा बताया गया कि मेरा हिन्दुस्तान यूनीलीवर से कुछ लेन देन का पैसा बाकी है। इसी लिए मैने माल रोक लिया है। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज को समस्त माल वापस कराने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के अनुक्रम में प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त समस्त माल ( साबुन, चाय, फूड्स, क्रीम, शैम्पू, पेस्ट आदि) को ट्रान्सपोर्ट कम्पनी के एकाउन्टेट सुशील पाठक को वापस कराया गया।

# काशी विश्वनाथ कोरीडोर के तर्ज पर किया जाय रामनगरी का विकास

## मुख्य सचिव ने की अयोध्या के विकास कार्यो की समीक्षा

अयोध्या। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा आयुक्त सभागार में अयोध्या के निर्माण एवं विकास कार्यो की समीक्षा की गयी। मुख्य सचिव का मण्डलायुक्त एम0पी0 अग्रवाल स्वागत किया गया। मुख्य सचिव का स्वागत जिलाधिकारी नितीश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया तथा अयोध्या के विकास कार्यो का प्रस्तुतीकरण मण्डलायुक्त एम0पी0 अग्रवाल किया गया। जिसमें अयोध्या के विकास के लक्ष्य हेतु वृहद कार्ययोजना बनायी गयी है, जिसमें श्रद्वालुओं की संख्या में वृद्वि एवं मंदिर निर्माण को देखते हुये 3 लक्ष्य निर्धारित किये गये है जिसमें वैश्विक आध्यात्मिक केंद्र, पर्यटन केंद्र, सस्टेनेबल स्मार्ट सिटी तथा सांस्कृतिक अयोध्या, आधुनिक अयोध्या, सुगम्य अयोध्या, सुरम्य अयोध्या, भावनात्मक अयोध्या, स्वच्छ अयोध्या, आयुष्मान अयोध्या, सक्षम अयोध्या आदि को केन्द्र में माना गया है जिसमें अयोध्या में 110 परियोजनाएं चल रही है तथा 45 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी है इसमें लगभग 28 कार्यकारी विभाग है तथा कुल योजनाओं की लागत लगभग 16 हजार करोड़ है, जिसमें मुख्य रूप से 08 कुंडो का कायाकल्प, जल शुद्वीकरण, अयोध्या का सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना, अयोध्या के चयनित ऐतिहासिक स्थलों पर सरफेस सुधार, भित्ति चित्र, कलाकृति बनाना, अयोध्या बाईपास के पास मल्टीलेबल कार पार्किंग, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग, राम की पैड़ी, नये बस डिपो का निर्माण आदि कार्य जो पूरे हो गये है उसको और जनोपयोगी बनाना, रामायण सर्किट थीम पर आधारित अयोध्या मुख्य एवं फुटपाथ मार्ग का नवीनीकरण करना, 5 स्थानों भजन संध्या स्थल, रामकथा पार्क, मशीनीकृत कार पार्किंग एवं रेस्टोरेंट, सांस्कृतिक मंच आडियोटोरियम, मुक्ताकाशी मंच आदि को थ्री पीपी मॉडल पर रख रखाव करना, अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में आर्ट गैलरी बनाना, अयोध्या शोध संस्थान का आधुनिकीकरण करना, शहर को मानक मापदण्डों के अनुसार विकसित करना, इसके लिए दीर्घकालिक पेयजल योजना बनाना, मुख्य अयोध्या के 15 वार्डो के गलियों एवं सड़कों का निर्माण करना, मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण करना, अयोध्या रेलवे स्टेशन का बेहतर निर्माण करना तथा शहर के प्रमुख स्थान, टेढ़ीबाजार चौराहा, कौशलेश कुंड, कलेक्ट्रेट कार्यालय, जलकल अमानीगंज, श्रीराम गुलेरा मंदिर के सामने वाहन पार्किंग एवं दुकानों का निर्माण करना, कम्प्रेहेंसीब मोबिलिटी प्लान बनाना, समेकित ट्रैफ्रिक मैनेजमेंट प्लान बनाना, अयोध्या के जुड़वा शहर के मुख्य मार्ग सहादतगंज से नयाघाट तक तथा सुग्रीव किला से रामजन्म मंदिर मार्ग एवं श्रृंगार हाट से राम जन्मभूमि मंदिर मार्ग को विकसित करने हेतु रू0 लगभग 1080 करोड़ की योजना है इसको समयबद्व ढंग से लागू करना है। अयोध्या के गुप्तारघाट से नयाघाट के सरयू नदी तट को बेहतर बनाना आदि प्रमुख कार्य है। इन कार्यो पर बिन्दुवार प्रकाश मण्डलायुक्त एम0पी0 अग्रवाल, जिलाधिकारी नतीश कुमार, नगर आयुक्त विशाल सिंह तथा अन्य परियोजना के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। सभी योजनाओं के प्रस्तुतीकरण के बाद मुख्य सचिव ने कहा कि हमें अयोध्या को रामायणकालीन एवं भगवान राम के चरित्र एवं आदर्शो पर आधारित अयोध्या को विकसित करना है इसके लिए जो भी योजनाएं चल रही है सभी में एक्सपर्टधविशेषज्ञों के जहां आवश्यक है विचार लेकर पूरा किया जाय। सरसरी तौर पर न करते हुये सभी कार्यो में गुणवत्ता और स्थिर का और उसके दुरगामी प्रभाव को शामिल किया जाय। पेयजल योजना की समीक्षा में कहा कि हमें 24 घंटे पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था बनाये जाये, जिससे कि कहीं भी कोई भी व्यक्ति नल खोलकर पानी पिये और स्टोरेज की आवश्यकता न हों। ऐसी व्यवस्था धार्मिक स्थल जगन्नाथपुरी में किया गया है। मुख्य सचिव ने अयोध्या की गलियों के विकास के लिए मुख्य रूप से नगर आयुक्त विशाल सिंह को इंगित करते हुये कहा कि श्री काशी विश्वनाथ कोरीडोर एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पास की गलियों में जैसे विकास किया उसी प्रकार एवं बेहतर विकास किया जाय। हमें अयोध्या के श्रद्वालुओं को केन्द्र में मानकर सुरक्षा व्यवस्था ऐसा करना है कि किसी श्रद्वालु को दिक्कत न हों तथा हमारी सुरक्षा व्यवस्था में भी किसी प्रकार की चूक न हों तथा विशेष रूप से पंचकोसी मार्ग, चौदह कोसी मार्ग आदि मार्गो पर श्रद्वालुओं के लिए आराम करने के लिए कुर्सियों आदि का भी निर्माण किया जाय तथा सभी जगह पेयजल व्यवस्था एवं शौचालय आदि का भी व्यवस्था किया जाय। मुख्य सचिव ने कहा कि हमें अयोध्या को विश्व स्तरीय स्मार्ट सिटी बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वय रूप से कार्य करना होगा तथा रोडो पर टहलने, बैठने एवं साइकिलिंग की भी व्यवस्था किया जाय तथा यह व्यवस्था किया जाय कि किसी भी प्रकार से अतिक्रमण न हों। गुप्तारघाट आदि के घाटों के निर्माण तथा सौन्दर्यीकरण में मुख्य सचिव ने कहा कि गुप्तारघाट से नयाघाट के 8 किमी0 की दूरी को आम लोगों के लिए सुलभ बनाने हेतु सरयू नदी पर घाटों के निर्माण के साथ साथ हल्के वाहनों के आवागमन हेतु आवश्यकतानुसार कंक्रीट की सड़कों का ही निर्माण किया जाय। मुख्य सचिव ने कहा कि परियोजनाओं का जो प्रस्तुतीकरण किया गया है जो पूर्ण हो चुकी है उसको आम जनमानस के लिए नियमानुसार उपयोगी बनाया जाय तथा गुणवत्ता सहित कार्यो को समय से पूरा किया जाय। इसमें किसी भी प्रकार की कमी नही आने दी जायेगी तथा मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी तथा नगर आयुक्त से कहा कि कोई भी प्रोजेक्ट जो भेजा जाय उसमें आवश्यकतानुसार मुझे तत्काल संज्ञान में लाया जाय जिससे कि उसकी जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान हो सकें तथा समय से पूरा किया जा सके। मण्डलायुक्त ने मुख्य सचिव से कहा कि जो भी आपके निर्देश और मार्गदर्शन प्राप्त हुये है उसको सम्बंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा आवश्यक परिवर्तन कर पूरा किये जायेगे तथा उसको अयोध्या के मानक के अनुरूप में विकास के संकल्प को पूरा किया जायेगा। बैठक में जिलाधिकारी नितीश कुमार, नगर आयुक्त विशाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, परियोजना निदेशक, अन्य विभागों के मण्डलीय अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## रेलवे स्टेशन के सामने मुख्य मार्ग पर बनी नाले की पुलिया हुई क्षतिग्रस्त

करनैलगंज(गोंडा)।(आरएनएस ) करनैलगंज रेलवे स्टेशन के सामने मुख्य मार्ग पर बनी नाले की पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। जो किसी बड़े दुर्घटना की सबब बन सकती है। करनैलगंज रेलवे स्टेशन के सामने ही नाले की पुलिया एक बड़े खाई का रूप ले चुकी है। जिसमें गिरकर अबतक जहां दर्जनों वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। वहीं तमाम लकग चोटहिल भी हो चुके हैं। करनैलगंज रेलवे स्टेशन रोड से प्लेटफॉर्म पर मुड़ते ही रेलवे द्वारा लगाये गए बोर्ड में लिखा है, करनैलगंज रेलवे स्टेशन पर आपका स्वागत है। तो उसी बोर्ड के नीचे रेलवे विभाग की लापरवाही के चलते निकाले गए नाले की छत बैठ जाने से पूरा रास्ता एक खाई में तब्दील हो चुका है। मात्र कुछ भाग शेष बचा है जिसपर होकर दो पहिया व चौपहिया वाहन सहित अन्य पैदल यात्री व रिक्सा का आवागमन होता है।

## मोहित राज अयोध्या महोत्सव में अवध सिने सम्मान से हुए सम्मानित

करनैलगंज(गोंडा)।(आरएनएस ) सिनेमा जगत में उत्कृष्ट कार्य के लिए करनैलगंज क्षेत्र के मोहित राज को अयोध्या महोत्सव में अवध सिने सम्मान से सम्मानित किया गया है। अयोध्या में आयोजित अवध सिनेमा सम्मान समारोह में गोंडा के अभिनेता निर्देशक मोहित राज को सिनेमा जगत में उत्कृष्ट योगदान के लिए अवध सिने सम्मान से सम्मानित किया गया। करनैलगंज तहसील क्षेत्र के शाहपुर धनावा निवासी मोहित राज के इस कामयाबी से उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। मोहित राज ने बताया कि उनकी इस उपलब्धि पर उनके शिक्षकों व अन्य लोगों ने घर पहुंच कर बधाई दी है। इससे पहले भी मोहित राज को प्रदेश के मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री के हाथ से सिनेमा जगत में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सम्मान प्राप्त हो चुका है।

## चौरासी कोसी परिक्रमा पथ अब साकार स्वरुप में है आने वाला

अयोध्या। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री भारत सरकार नितिन गड़करी से सांसद लल्लू सिंह ने जीआईसी में 8698 करोड़ की 6 परियोजनाओं के शिलान्यास के दौरान अयोध्या, अकबरपुर, जौनपुर 140 किमी मार्ग व अयोध्या से सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ 106 किमी मार्ग के फोरलेन बनाने की मांग की। जिससे अयोध्या फोरलेन के माध्यम से काशी व प्रयागराज से जुड़ जाय। इसके साथ में लखनऊ अयोध्या गोरखपुर के 6 लेन में 19 किमी अयोध्या में दोनो किनारों पर सीमेंटेट कंकरीट की सर्विस लेन तथा नया ड्रेन बनाने की मांग की। जिसे अपने सम्बोधन के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने स्वीकार कर लिया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपेक्षा के अनुसार केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने अयोध्या व इससे जुड़े जनपदों को चौदह कोसी परिक्रमा पथ के रुप में ऐतिहासिक सौगात दी। इसके लिए 2015 से प्रयास किया जा रहा था। 21 दिसम्बर 2016 को केन्द्रीय मंत्री ने हम लोगो की मांग पर इसी मंच से इसकी घोषणा जीआईसी के मैदान पर की थी। वैश्विक स्तर पर रामायण की आध्यात्मिक उर्जा का संचार करने वाले पौराणिक स्थलों को समेटे यह चौरासी कोसी परिक्रमा पथ अब साकार स्वरुप में आने वाला है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्री ने असम्भव से कार्य को सम्भव करके दिखाया गया है। इससे अयोध्या तथा उससे जुड़े जनपदों में रोजगार सृजन की सम्भावनाएं भी काफी तेजी से बढ़ेंगी।

## चंद्रकेश रावत के नेतृत्व मेंजनसभा हेतु उमड़ा जनसैलाब

मिल्कीपुर अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष चंद्रकेश रावत अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ दर्जनों वाहनों के काफिले में केंद्र सरकार के मंत्री नितिन गडकरी की जनसभा में शामिल होने के लिए निकले। भाजपा नेता कुमारगंज स्थित अपने भाजपा कार्यालय से मिल्कीपुर क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के साथ एकत्र होकर जीआईसी कॉलेज फैजाबाद के ग्राउंड में आयोजित होने वाली जनसभा में शामिल होने के लिए निकले। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अजीत सिंह राहुल एवं भाजपा नेता श्री रावत के नेतृत्व में जनसभा हेतु निकले भाजपा कार्यकर्ता अपने हाथों में झंडा तथा पक्षियों में भाजपा जिंदाबाद के नारे एवं स्लोगन के साथ भाजपा जिंदाबाद के नारे भी लगा रहे थे। कुमारगंज बाजार बालों के लंबे काफिले एवं उमड़े जन सैलाब के चलते जाम तक लग गया। जनसभा के लिए उमड़े कार्यकर्ताओं को देख उत्साह से लबरेज भाजपा नेता चंद्रकेश रावत ने कहा कि एक बार फिर से उत्तर प्रदेश में महंत बाबा योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि अब तक पार्टी के शीर्ष नेताओं की हुई रैलियों में उमड़ा जन सैलाब भाजपा के जीत की साक्षी होगी

## मालगाड़ी की चपेट में आने से रेलवे कर्मी की मौत

कानपुर देहात। रूरा रेलवे स्टेशन के पास डीएफसीसी रेलवे ट्रैक की अप लाइन पर करते समय रेलवे कीमैन मालगाड़ी की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी होते ही उसके परिजनों के बिलखने से कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

कानपुर नगर के खाड़ेपुर का रहने वाला अनिल कुमार रूरा रेलवे स्टेशन पर की–मैन था। वह परिवार के साथ रेलवे कॉलोनी में ही रहता था। देर रात वह ड्यूटी के बाद अपने आवास पर आ रहा था। भाऊपुर से खुर्जा को जाने वाले डीएफसीसी रेल लाइन में रूरा स्टेशन के पास अप ट्रैक पार करते समय वह कानपुर से इटावा जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। टक्कर लगने से वह उछलकर रेल पटरी से दूर कालोनी जाने वाले रास्ते में जा गिरा। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मालगाड़ी के ड्राइवर ने इसकी सूचना रूरा स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन से भेजे गए मेमो पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा। एसओ रूरा अनूप कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में मालगाड़ी से ही हादसे की बात सामने आई है।

# विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है यूपी: मुख्य सचिव

## कोविड की तीसरी लहर में भय नहीं, 75 से अधिक को डबल डोज टीका लगा

अयोध्या। मुख्यसचिव और डीजीपी उत्तरप्रदेश रामनगरी पहुंचे। हनुमानगढ़ी में दर्शनपूजन कर अफसरों संग विभिन्न बिदुंओं को लेकर बैठक की। जिसके बाद पत्रकारों से भी बातचीत में कहा कि अयोध्या की सुरक्षा को कई बिंदुओं पर अफसरों से जानकारी ली है। सर्किट हाउस में पत्रकारों से मुखातिब मुख्यसचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने एक प्रश्न पर बताया कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव सन्निकट है। चुनाव को लेकर तैयारी पूरी है। चुनावी भीड़ और कोरोना महामारी की तीसरी लहर पर कहा कि इससे सिर्फ सतर्कता रखनी है। भय की कोई बात नहीं है। अद्यतन कोविड टीकाकरण डबल डोज तक 75 फीसदी है। जल्द ही इसे 100 फीसदी कर लिया जाएगा। 15 से 18 वर्ष तक के युवाओं को स्कूलों में कैंप लगाकर टीका लगाया जा रहा है। वहीं चुनाव में सुरक्षा के लिए भी भारत सरकार से 225 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स मिल चुकी है। बूथस्तर तक सुरक्षा की पूरी तैयारी है।

यहां तक कि जो लोग बूथ तक नहीं पहुंच सकते हैं उन्हें घर से ही वोटिंग की सुविधा बाबत तैयारी चल रही है। ऐसे में चुनावी भीड़ में इस तीसरी लहर मानते हैं तो दूसरी लहर जैसी भयावह स्थिति नहीं होगी। आम जन से अपील की कोरोना गाइड लाइन का पालन करें। सामाजिक दूरी, मास्क और टीकाकरण बहुत जरूरी है। वैसे भी कोविड हेल्पडेस्क हर संस्थान व रैलियों में काम करेगा। प्रदेश के बड़े अफसरों संग खुद भी शाम को समीक्षा कर रहा हूं। निगरानी समितियां भी सक्रिय हैं। सभी को टीका लग जाए इस पर जोर दिया जा रहा है। अयोध्या धाम बाबत मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा का कहना था कि चूंकि रामनगरी विश्वस्तरीय शहरों में शुमार हो रहा है। यहां विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। सडकें चौड़ी की जा रही हैं। धरातल पर इसका नक्शा बदल रहा है।ऐसे में सुरक्षा को लेकर भी हर बिंदु पर विचार विमर्श और रणनीति तैयार है जिसका खुलासा नहीं किया जा सकता। शहर के अनुरूप विकास और सुरक्षा हमारी रणनीति का प्रमुख हिस्सा है। मुख्य सचिव का कहना था कि अब अयोध्या धाम में देश विदेश तक के लोग आ रहे हैं। उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो। प्रेस वार्ता के दौरान डीजीपी मुकुल गोयल, आईजी रेंज केपी सिंह, मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## फुटपाथ पर अधेड़ का शव पड़ा मिला

कानपुर। किदवई नगर थाना क्षेत्र में एक स्कूल के बाहर सुबह अधेड़ का शव मिला,जिसे जानवर नोच रहे थे। लोगों ने शव देख मोबाइल से फोटो बना इंटरनेट मीडिया में डाल दिया। इसकी जानकारी होते ही पुलिस पहुंची और शव को अज्ञात में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। किदवई नगर एच–वन स्थित स्कूल के बाहर फुटपाथ पर सुबह करीब 50 वर्षीय अधेड़ का शव पड़ा देखा। शव को जानवर नोचते देख पहले क्षेत्रीय लोगों ने उसे भगाने का प्रयास किया, लेकिन उसके न हटने पर लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर फोन किया। कॉल न लगने पर कुछ लोगों ने शव को जानवर द्वारा नोचते फोटो–वीडियो बनाया और इंटरनेट मीडिया पर डाल दिया। हालांकि दैनिक तरुणमित्र किसी वायरल फोटो व वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इंटरनेट मीडिया पर फोटो देख किदवई नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी विनीत कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। क्षेत्रीय लोगों से जानकारी हुई कि वह भिखारी था। उसकी मौत किस वजह से हुई यह अभी जानकारी नहीं है। शिनाख्त न होने पर शव को अज्ञात में पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## भाकियू नेता की पिटाई कर झाड़ियों में फेंका

अयोध्या। दावत खिलाने के बहाने भारतीय किसान यूनियन के मंडल सचिव को बुलाकर अज्ञात लोगों ने उनकी जमकर पिटाई कर दी। मृत समझकर जंगली झाड़ियों में फेंक कर आरोपी फरार हो गए। घायलावस्था में पीड़ित को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। अब यूनियन के पदाधिकारी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए हैं। ग्राम बारी थाना रुदौली जनपद अयोध्या के निवासी फूलचंद यादव भारतीय किसान यूनियन के मंडल सचिव हैं। रात 9 बजे को कुछ लोग उन्हें दावत खाने के बहाने बुलाकर ले गए और उनके साथ बुरी तरह से मारपीट की। फूलचंद का शरीर जब बेजान हो गया तो आरोपी उन्हें मृतक समझ कर गांव के निकट भट्ठे के बगल जंगली झाड़ी में फेंक कर भाग निकले। परिवारजनों ने काफी छानबीन की और डायल 100 पुलिस को सूचित किया।इस दौरान पता चला कि भट्ठे के बगल स्थित जंगल में फूलचंद बेहोशी की हालत में पड़े हैं, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। खबर है कि फूलचंद जीवन और मौत के बीच में संघर्ष कर रहे हैं।

# सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हो रहा अयोध्या का विकास: केशव मौर्य

अयोध्या–उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सम्बोधान में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में श्रीराम मंदिर के साथ साथ अयोध्या में चिकित्सा, महाविद्यालय, पर्यटन, विकास, रोजगार आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय विकास कार्य किया जा रहा है। इसके क्रम में यहां के कुण्डों का जीर्णोद्वार करना उसमें पवित्र मां सरयू का जल भरना तथा अयोध्यावासियों के लिए ज्यादा से ज्यादा विकास की धारा बहाना प्रमुख है। पर्यटन के साथ साथ व्यापार में वृद्वि की आसीम संभावनाएं है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अन्य जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं पर भी प्रकाश दालते हुए सरकार की उपलब्धीया बतायी। केंद्रीय मंत्री गडकरी एवं उप मुख्यमंत्री द्वारा नेशनल हाईवे 27 पर फोरलेन अयोध्या रिंग रोड का निर्माण जिसकी लंबाई 58 किलोमीटर रुपए 5600 करोड़ की लागत का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के अयोध्या एवं अंबेडकर नगर जनपद के अंतर्गत गोसाईगंज से बीकापुर खंड का चौड़ीकरण एवं उन्नाय सहित कुल 6 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया जिसकी कुल लागत 8698 करोड़ है। इस दौरान सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, शोभा सिंह चौहान, रामचन्द्र यादव, बाबा गोरखनाथ, मेयर ऋषिकेश उपाध्याय समेत भाजपा के तमाम पदाधिकार मौजूद रहे।

# महाराज सुहेलदेव राम जानकी विवाह घर का हुआ उद्घाटन






दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नगर पालिका सिद्धार्थ नगर के शास्त्रीनगर मलिन बस्ती वार्ड में सदर विधायक श्याम धनी राही और नगर पालिका अध्यक्ष श्याम बिहारी जयसवाल के कर कमलों से आज महाराज सुहेलदेव राम जानकी विवाह घर का विधिवत उद्घाटन हुआ। सदर विधायक श्याम धनी राही ने बताया कि पूर्व के चेयरमैन लोग केवल बनी हुई सड़कों को दोबारा मरम्मत करके पैसा कमाते थे .पहली बार कोई ऐसा चेयरमैन आपने चुना है जिन्होंने गरीब बस्ती में विवाह घर को स्थापित करने के संकल्प को, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को नरेंद्र मोदी के संकल्प को यथार्थ किया है।

चेयरमैन श्याम बिहारी जायसवाल ने घोषणा की थी क्योंकि सबसे गरीब बस्ती नगर पालिका सिद्धार्थनगर की शास्त्री नगर वार्ड है, अतः यहां पर विवाह का सबसे न्यूनतम शुल्क मात्र रू1100 रहेगा. उन्होंने बताया कि मेरे छोटे भाई स्व.बलई जयसवाल से आप सभी लोग अपनी रूप से जुड़े थे इसलिए यह वार्ड मेरे हृदय के सबसे करीब है और यहां का, सर्वोत्तम विकास करना मेरा लक्ष्य है। इस कार्यक्रम में राम जानकी मंदिर के महंत बाबा राम चंद्र शास्त्री बाल गोविंद पाठक, सभासद सोनू राजभर अमित सिंह ,गिरजापति ,सुरेश के साथ–साथ नागरिक गणों में विजय लोधी, अशोक उपाध्याय, कविंदर नाथ पांडेय वकील साहब संत राम राजभर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज के प्रवक्ता डॉ शक्ति जायसवाल ने किया।




# लोटन पुलिस ने निभाया अपना कर्तव्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन/सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड लोटन के अंतर्गत ग्राम सेमरहवा तथा ग्राम पंचायत कौलपुर ग्रांट के निवासी क्रमशः राधेश्याम पुत्र विश्वनाथ तथा सुभाष पुत्र बुद्दु राजभर काफी दिनो से नहीं जा रहे थे। पुलिस ने दो वारंटी को पकड़ कर न्यायालय भेज दिया। यह काफी दिनों से नहीं जा रहे थे। इनके ऊपर अपराधिक धाराओं का मुकदमा चल रहा है। एस एच ओ अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि राधेश्याम पुत्र विश्वनाथ ग्राम सेमरहवा, सुभाष पुत्र बुध्दू राजभर ग्राम कौलपुर ग्रांट पर न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। दोनों हाजिर नहीं हो रहे थे।

# खंड विकास अधिकारी गगहा ने किया गांवों का निरीक्षण

### निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी गगहा सत्य प्रकाश सिंह व अन्य

गोला/गोरखपुर। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी



गोरखपुर के निर्देशानुसार खण्ड विकास अधिकारी गगहा सत्य प्रकाश सिंह गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा बड़ैला व चौकड़ी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासन द्वारा उक्त गांवों के विकास के लिए निम्न योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए संबंधित विभाग के लोगों को निर्देशित किया ।खंड विकास अधिकारी सिंह ने बताया कि चारागाह की जमीन को विकसित करके पशुओं के लिए चारा की व्यवस्था प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प विद्यालय के बाउंड्री वाल निर्माण व आईडी जेनरेट कर कार्य शुरू करने के लिए संबंधित विभाग के लोगों को निर्देशित किया ताकि बाउंड्री वॉल सहित अन्य कार्य का निर्माण जल्द से जल्द शुरू हो जाए। निरीक्षण के दौरान आगे बताया कि आंगनवाड़ी के कायाकल्प एवं विद्यालय परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र के सामने की भूमि पर पोषण वाटिका का निर्माण कराना ग्राम पंचायत चौकड़ी में खेल के मैदान के लिए बंजर भूमि पर खेल का मैदान बनना पोखरा एवं तालाबों में मत्स्य पालन पोखरे का सुंदरीकरण आदि गांव के विकास के लिए कराया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राजेश यादव, ग्राम विकास अधिकारी रमेश कुमार चौधरी, तकनीकी सहायक दुर्गेश गुप्ता, ग्राम प्रधान चौकड़ी रामलोचन गुप्ता, पूर्व प्रधान बड़ैला बुद्धिराम यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य भुवनेश्वर पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, निवास यादव, प्रदीप कुमार पाण्डेय, सर्वेश यादव, जियलाल, सुरेश कुमार, रोजगार सेवक राकेश कुमार, अंदीप यादव, गोरखनाथ यादव, सहित आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# सहाराबैक के खिलाफ कांग्रेस का धरना

## जमा कर्ताओं का पैसा वापस करायेः डॉक्टर चंद्रेश उपाध्याय

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर आज प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालयों पर,, सहारा एवं पर्ल, कंपनियों में जमा कर्ताओं का पैसा दिलाने हेतु कांग्रेस ने किया धरना एवं प्रदर्शन करके दिया ज्ञापन। इसी कड़ी में आज नौगढ़ तहसील सदर विधानसभा में पूर्व प्रत्याशी लोकसभा डॉक्टर चंद्रेश उपाध्याय के अगुवाई एवं अनिल सिंह उर्फ अन्नू के संचालन में धरना प्रदर्शन करते हुए। उप जिला अधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को सहारा कंपनी से संबंधित 8 सूत्री एवं पल्स ग्रुप की कंपनी से संबंधित 6 सूत्री मांगों सहित ज्ञापन दिया गया। गांधी आश्रम से चलकर तहसील प्रांगण में एसडीएम के कार्यालय के सामने कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए पहुंच कर ज्ञापन दिया। इस अवसर पर डॉक्टर उपाध्याय ने जनता को संबोधित करते हुए। कहां 225 करोड़ जमा करताओ का 24000 करोड रुपए जमा कराएं। इन पैसों का कैसे कहां इस्तेमाल किया गया कोई रिकॉर्ड नहीं है। जबकि जमा करताओ का पैसा भुगतान न होने की दशा में जमा करता दर–दर भटक रहा है। और कार्यालय कार्यालय दौड़कर हलकान होते हुए अपना ही पैसा पाने की दशा में आत्महत्या कर रहा है। डॉ उपाध्याय ने आगे कहा सहारा इंडिया के लगभग 1200000 कर्मचारी भी प्रभावित हैं और उनके बच्चों के पठन–पाठन पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है ।तथा उपभोक्ताओं के आक्रोश का शिकार हो रहे हैं, अगर सरकार समय रहते इतने बड़े जमा कर्ताओं का पैसा भुगतान करने की पहल नहीं की तो आने वाले समय में सहारा मे जमा करताओ एवं कार्यकर्ताओं मे भुखमरी की स्थिति पैदा होगी और वह आत्महत्या करने पर मजबूर होंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश एवं केंद्र सरकार की होगी। इसी कड़ी में जिला उपाध्यक्ष प्रशासन एवं कार्यक्रम अनिल सिंह अन्नू ने कहा। कांग्रेस हमेशा ज्वलंत मुद्दे उठाती है। आज देश के करोड़ों उपभोक्ताओं का पैसा डूब रहा है। सहारा एवं पर्ल कंपनी ने अपने लोकलुभावन स्कीम देकर देश के करोड़ों किसानों गरीबों उद्यमियों का पैसा अपने कंपनी में निवेश करवाया ।अब जब भुगतान का समय आ गया ,तो कंपनी अपने कार्यालय और स्कीम बदल रही है। जिससे उपभोक्ताओं का पैसा डूबने का आशंका है। और देश की करोड़ों करोड़ जनता जो निवेश की है दर–दर भटक रही है। एवं सहारा इंडिया तथा पर्ल कंपनियों के एजेंट और अधिकारियों को ढूंढढूंढ कर अपमानित करने का काम कर रही है ।लोगों में बेतहाशा आक्रोश है ।प्रदेश एवं केंद्र की डबल इंजन की सरकारें ,भी जनता में लोकलुभावन अपना प्रचार कर रहीं है जबकि करोड़ों उपभोक्ताओं का पैसा दिलाने हेतु प्रदेश एवं केंद्र सरकार ने आज तक कोई पहल नहीं किया आज जिला कांग्रेस कमेटी धरना प्रदर्शन कर रही है। अगर इन दोनों कंपनियों में जमा पैसा वक्ताओं को नहीं मिला और कार्यकर्ताओं का सम्मान वापस नहीं हुआ ।तो आने वाले समय में कांग्रेस। रोडवेज एवं रेल रोको कार्यक्रम तथा अनशन भी करेगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कैलाश पंछी, शादिक अहमद,देवेंद्र कुमार गुड्डू, सुदामा प्रसाद, नीतू पासवान,राजेश सिंह, राधेश्याम सोनी, राजू लाल श्रीवास्तव, अकरम अली सिद्दीकी राजेंद्र प्रजापति ,जुबेर खान, समूनमेकरानी, संतोष चौधरी अखलाक अहमद, रामजस प्रजापति सहित दर्जनों कांग्रेसी उपस्थित रहे।





# सूर्य देव के लुका छिपी व हल्की बुदा बादी से बढ़ी गलन

## अलावा का सहारा लिए लोग

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। मौसम काअचानक मिजाज बदल गया। हल्की फुल्की बुदा बादी से गलन बढ़ जाने के कारण लोगों का जनजीवन पूरी तरह अस्त ब्यस्त प्रभावित हो गया है। बृहस्पतिवार को कुछ समय के लिए निकाली धूप ने लोगों को कुछ राहत दिलाई। लेकिन शाम होते ही गलन बढ़ गयी और कड़ाके की ठंड ने लोगों को फिर बिस्तर पर दुबकने के लिए मजबूर कर दिया। सूर्यदेव के लुकाछिपी के कारण कड़ाके की गलन भरी ठंडक में लोगो को अलाव का सहारा लेनेको मजबूर बना दिया। बताते चले कि बीते कई दिनों से ठण्डक का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। वही हल्की पछुआ हवाओं के कारण भारी ठंड का लोगों के जनजीवन पर असर पड़ रहा है।



इस ठिठुरन भरी ठंड में जहां तहां अलाव की ब्यवस्था देखकर लोग अलाव से अपनी ठण्ड को दूर कर रहे है ।इस कड़ाके की ठंड व शीतलहर को देखने से यह महसूस हो रहा है कि इंसान तो इंसान पशु पक्षी आदि इस कड़ाके की ठंड में बेहाल पड़े हैं। गोला नगर पंचायत कार्यालय के तरफ से गोला के बेवरी चौराहे सहित गोला उपनगर में विभिन्न स्थानों एवम समाहित गांव पर इस ठिठुरन को दूर करने के लिए अलाव की ब्यवस्था दी गयी है ।जो जला अलाव लोगो का सहारा बना हुआ है। अलाव देख लोग आग की तरफ मजबूर होकर दौड़ रहे है। फुटपाथ पर छोटे–मोटे धंधे करने वाले ठेले वाले फल वाले खोमचे वाले सब्जी वाले कड़ाके की ठंड में किसी तरह गुजारा करने पर मजबूर है। वह लोग अलाव का सहारा ले रहे है।

### रेवेन्यू बार एसोसिएशन, राजेश अध्यक्ष अजय मंत्री, नागेंद्र शुक्ला संयुक्त मंत्री चुने गए

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां/महराजगंज। नौतनवा तहसील अंतर्गत रेवेन्यू बार एसोसिएशन 2022 के चुनाव में भारी गहमागहमी एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 67 अधिवक्ताओं ने मतदान कर मतदाता सूची के अनुसार सत प्रतिशत मतदान किया। मतदान के तुरंत बाद चुनाव अधिकारी रेयाज अहमद, वीरेंद्र पांडे तथा सुरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी साधु शरण मिश्र को 3 मतों से पराजित कर विजय घोषित हुए घोषित किए गए। इसके अलावा मंत्री पद पर अजय कुमार यादव ने अपने निकटतम बीरेन्द्र नाथ पांडे 4 मतों से शिकस्त दी। बताया जाता है कि संयुक्त मंत्री पद पर नागेंद्र प्रसाद शुक्ल एडवोकेट ने इस चुनाव प्रक्रिया में सर्वाधिक 58 मत पाकर विजई घोषित किए गए। इसके अलावा इसी पद पर अमरीश मोर्या को भी चुना गया है। सतपाल सिंह राजपाल विजई घोषित हुए। बता दे की वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुधीर कुमार शुक्ला पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। चुने गए अधिवक्ताओ को सभी अधिवक्ताओं ने सभी को फूल माला पहनाकर उन्हें बधाई दिया। बधाई देने वालों में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव, निवर्तमान अध्यक्ष गिरीश चंद्र त्रिपाठी राकेश त्रिपाठी मुन्ना, हबीब खान साजिद अली शिव शंकर पांडे ,जगनारायण विश्वकर्मा, जितेंद्र कुमार, राजेश चौधरी, विभूति यादव अखिलेश उपाध्याय, योगेंद्र लाल श्रीवास्तव, संजय कुमार सोनी, हरिलाल राही, मनोज सिंह, मुकेश पाठक महेंद्र तिवारी, रियाज खान, धर्मेंद्र त्रिपाठी, अहमद रजा अंसारी, सचिन जायसवाल, मोहम्मद इदरीश रविंद्र त्रिपाठी, रामसुमेर, अशोक तिवारी, रवि कुमार मिश्र सहित तमाम लोगो ने बधाई दिया है।



# कोरोनारोधी टीकाकरण के लिए प्रधानाचार्य ने किया जागरूक, छात्रों में भी दिखा काफी उत्साह

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद मुख्यालय स्थित प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में कोविड की तीसरी लहर के खतरे के मद्देनजर टीकाकरण अभियान ने जोर पकड़ लिया है। प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने कहा विद्यालय में पंजीकृत कोई भी छात्र टीकाकरण से छूटने नहीं पाएगा इसके लिए विद्यालय न आने वाले छात्रों को सूचना देकर बुलाया जा रहा है। आगे उन्होंने छात्रों को संक्रमण से बचाव के लिए कोरोना गाइड लाईन का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा टीकाकरण व गाइडलाइन का पालन करने से ही संक्रमण से बचा जा सकता है। छात्रों में भी टीकाकरण को लेकर काफी उत्साह दिखा। प्रथम दिन कुल 296 व आज दूसरे दिन 359 छात्रों ने कतार बद्ध होकर टीकाकरण करवाया। गौरतलब है कि विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की ए0एन0एम अनुपमा शुक्ला, सरिता गुप्ता व, सी एच ओ प्रियंका भारती व अनिल यादव की टीम 15 से 18 वर्ष की आयु तक के विद्यार्थियों को टीकाकरण कर रही हैं। आज दूसरे दिन प्रातः मुख्य चिकित्साधिकारी ए 0के0 सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी अमित उपाध्याय व यूनिसेफ बीएमसी अयाज अहमद ने मौके पर पहुंचकर शिविर का जायजा भी लिया तथा छात्रों से टीका लगवाने की अपील की। विद्यालय में टीकाकरण अभियान सुचारू रूप से संपन्न हो इसके लिए प्रधानाचार्य द्वारा एक टीम गठित की गई है जिसके संयोजक अखंड प्रताप सिंह बनाए गए हैं दिग्विजय नाथ मिश्र, विवेक कुमार सिंह व मान बहादुर सिंह तथा शशिकांत दुबे को इनका सहयोगी बनाया गया है।



# एडीएम प्रशासन कोर्ट से दस अभियुक्तों को किया गया जिला बदर

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। विधानसभा 2022 चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस लिया विभिन्न थाना अंतर्गत है दस शातिर को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया जिससे आगामी विधानसभा 2022 चुनाव को सकुशल संपन्न कराया जा सके। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना थानाध्यक्षों द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के संतृप्ति पर एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता के कोर्ट से सात अभियुक्तों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया। एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता ने बताया कि आगामी 2022 विधानसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए अपराधी किस्म के व्यक्तियों के ऊपर 107,116 की कार्यवाही करने की प्रक्रिया जारी है जिला बदर होने वालो में प्रमुख रूप सेगिरजेश यादव पुत्र रामबचन यादव निवासी मलाव थाना बेलीपार सतीश यादव पुत्र फतीगन निवासी गोबडोर थाना झंगहा श्रवण पुत्र फूलचंद दाढ़ी निवासी जोगिया उर्फ खजुरही थाना सहजनवा साधु उर्फ सुदामा पुत्र सीताराम यादव निवासी श्रीरामपुर थाना गगहा रामनक्षत्र यादव पुत्र स्वामीनाथ यादव निवासी टेलहनापार थाना चौरीचौरा रामकेश पुत्र देवानंद निवासी जंगल अव्वल थाना हरपुर बुदहट दिलीप चौधरी उर्फ गोफा पुत्र बाबूराम निवासी बेलवा बाबू थाना चौरीचौरा अमरजीत पुत्र बक्का यादव निवासी सीधेगौर थाना बड़हलगंज शिव कुमार दाढ़ी पुत्र राम हरि निवासी छितौना बुजुर्ग थाना उरुवा बाजार जयकुमार पुत्र बाबूलाल निवासी मझगावा थाना गगहा को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया। इनके अलावा और अपराधी किस्म के अभियुक्तों के ऊपर जिला बदर की कार्यवाही की जा रही है।

# सम्पादकीय

**समाज में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग व इंटरनेट के दायरे में विस्तार ने महिलाओं को यौन उत्पीडन की दृष्टि से संवेदनशील बना दिया है। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों को महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये संकल्पब) होने की जरूरत है ताकि महिलाएं चाहे किसी भी समुदाय से संबंध रखती हों, ऐसे हमलों का शिकार न...**

## घातक मनोवृत्ति

साइबर दुनिया जहां तरक्की की राह दिखाती है, वहीं अपराधियों के घातक मंसूबों को अंजाम देने का साधन भी बन गई है। दरअसल, साइबर अपराधियों के खिलाफ समय रहते सख्त कार्रवाई न होने से ऐसे तत्वों के हौसले बुलंद हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि वर्ग विशेष की मौन सहमति उन्हें प्राप्त है। ऐसे हमले समुदाय या लिंग विशेष पर न होकर पूरी सामाजिकता के ताने–बाने को क्षतिग्रस्त करते हैं। हाल ही में सामने आया श्बुल्ली बाईच्य एप का मामला इसी कड़ी का विस्तार है, जिसमें सोशल मीडिया पर सक्रिय संप्रदाय विशेष की महिलाओं की प्रतिष्ठा व गरिमा को ठेस पहुंचाने की कुत्सित कोशिश की गई। हालांकि, इस मामले में तल्ख प्रतिक्रिया के बाद सरकार ने इस विवादित एप पर रोक लगाई और विद्वेष फैलाने वाले समूह की मास्टर माइंड महिला व एक इंजीनियरिंग के छात्र को गिरफ्तार करके ऐसे तत्वों को सख्त संदेश भी दिया है। लेकिन इससे समाज में जो कटुता व विद्वेष फैला है, उसकी क्षतिपूर्ति इतनी आसान भी नहीं होगी। इस मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी शीघ्र कार्रवाई के लिये पुलिस को कहा था। दरअसल, इस विवादित एप पर संप्रदाय विशेष की महिलाओं के चित्र अपलोड करके उनके बारे में अनुचित व अश्लील बातें लिखी गई थीं। इससे पहले गत वर्ष जुलाई में ऐसे ही विवादित एप का मामला संप्रदाय विशेष की महिलाओं को निशाने पर लेने के आरोपों के बीच सामने आया था। लेकिन दिल्ली व यूपी में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से उससे मिलते–जुलते नये एप का मामला प्रकाश में आ गया। जाहिर बात है कि समय रहते कार्रवाई न होने से साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद होते हैं। इसके बावजूद भले ही पुलिस ने मुख्य अपराधियों को पकड़ लिया है, लेकिन सामाजिक समरसता को इससे जो क्षति होती है, उसकी भरपाई संभव नहीं है। ऐसे में साइबर अपराधों से निपटने के लिये सख्त तंत्र विकसित करने की जरूरत है, अन्यथा ऐसी कुत्सित कोशिशों का समाज को बड़ा खमियाजा भुगतना पड़ेगा जो कालांतर कानून व्यवस्था के लिये चुनौती पैदा कर सकता है। निस्संदेह, वक्त आ गया है कि समाज में नफरत फैलाने वाले साइबर अपराधियों पर मजबूती से शिकंजा कसा जाये। अपराधों की पुनरावृत्ति रोकने के लिये यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि ऐसे अपराधियों पर समय रहते निर्णायक कार्रवाई की जाये, जिसके लिये तंत्र की प्रतिबद्धता जरूरी है। दरअसल, दुनिया भर में साइबर स्पेस तेजी से यौन विकृतियों, आर्थिक अपराधियों तथा महिलाओं को निशाने पर लेने वाले ट्रोलर्स का अड्डा बनता जा रहा है। भारत भी उसका अपवाद नहीं है। वर्ष 2020 में देश में महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध के लगभग 2300 मामले प्रकाश में आये। इसके अलावा बड़ी संख्या में ऐसे पीडिघ्त होते हैं जो कई कारणों से शिकायत दर्ज कराने आगे नहीं आते। वर्ष 2019 में भी 1600 से अधिक ऐसे ही मामले दर्ज हुए। इनमें अधिकतर अपराध यौन सामग्री के प्रकाशन व प्रसारण से जुड़े थे। भयदोहन, मानहानि, फर्जी प्रोफाइल बनाने जैसे हथकंडों से महिलाओं को परेशान व अपमानित करने का कुत्सित खेल खेला जाता है। ऐसे में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ ही कानूनी प्रावध ाानों को सख्त बनाने की जरूरत है ताकि कानून प्रभावी निवारक के रूप में कार्य कर सके। दरअसल, सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 साइबर अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की राह प्रशस्त नहीं करता, बल्कि सजा को कई मायनों में लचीला भी बनाता है।

## कविता

### तीसरी लहर...

फिर छा रहा कोरोना,
दुनिया की हर खबर में,
मालिक हमें बचाना, इस तीसरी लहर में ।।

कम लोग ही लगाते हैं, मास्क अपने मुंह पर !
है आम यह नजारा हर गांव में, नगर में ।।

लगवा चुके हैं टीका, फिर भी बचें – बचाएं,
छुपकर रहें, न आएं कोरोना की नजर में ।।

बारात न सजेगी, क्या इस लगन में फिर से ?
होने लगे हैं दुबले, पप्पू इसी ही डर में ।।

बाजार, शादी, मेला, न रैलियों का रेला,
मत जान अपनी जोखिम में डालिए सफर में ।।

हर भीड़ – भाड़ को अब, बस भाड़ ही समझिए,
खतरा बहुत है बाहर, घुसकर ही रहिए घर में ।।

सबके लिए दुआएं करिए नियाज रब से !
दुनिया रहे सलामत, कुदरत के इस कहर में ।।



सिद्धार्थनगर–
नियाज कपिलवस्तुवी/
दैनिक बुद्ध का संदेश

## गहन मानवीय स्पर्श की महिमा सिन्धु ताई सपकाल

**देश का किसान धन के अभाव में, युवा रोजगार के अभाव में तथा सरकारें संवेदना के अभाव में स्वार्थ के गर्त में धंसती जा रही हैं ऐसे समय में सिंधु ताई सपकाल मां बनकर आईं और वस्तुतरू मां की ममता से जिनका कोई नहीं था उन्हें स्नेह–सिक्त कर दिया उनकी मां बन गईं भारत सरकार ने सिंधु ताई को पद्मश्री से नवाजा यह गौरव की बात हैय ऐसे विराट व्यक्तित्व का जाना दुखद ही नहीं अपितु ...**

गनेशी लाल

एक समय के बाद भारतीय संस्कृति में अनेक विकृतियां आईं जिनमें अंधविश्वास, रुढिघ्वाद तथा तरह तरह के सामाजिक भेदभाव प्रमुख थे। भेदभावों में भी जातिगत भेदभाव, रंगगत भेदभाव, लिंगगत भेदभाव और आदि भेदभावों की समाज में झड़ी लग गयी थी। जिसमें मानवता गौण हो गई और इन सामाजिक विकृतियों ने समाज में मुख्य स्थान बना लिया, कहना न होगा कि इन सामाजिक विकृतियों ने समाज को आगे जाने से न सिर्फ रोका बल्कि बहुत समय तक जकड़े रखा। महिलाओं के प्रति भेदभाव समाज की प्रमुख विकृ ति थी भारतीय समाज में महिलाएं समाज की किसी वस्तु की तरह प्रयोग की जाती थीं तथा भोग्य साधन की तरह होगी जाती थीं। जिस देश में देश की पहचान ही श्मां ( विशेषण) से होती है उसी देश में मां का दायित्व निभाने वाली महिला का कोई कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं बचा था। चतुर्वर्णों में जो स्थिति शूद्रों की थी बहुत कुछ वही स्थिति समाज में महिलाओं की रही। न जाने कब से सती और सत्य के नाम पर महिलाओं को जिंदा जलाया जाता रहा तथा शिक्षा से वंचित रखकर इन मांओं को दासी और नौकरानी बनाकर रखा गया। इसी भारतीय समाज में अनेक ऐसी स्त्रियों के नाम हैं जिन्होंने इन विकृतियों का विरोध किया और आगे बढ़ीं तथा समाज को एक नवीन दिशा प्रदान की। इन्हीं वीरांगनाओं में एक नाम है सिन्ध ु ताई सपकाल! सिन्धु ताई महाराष्ट्र के वर्धा जिले में 14 नवंबर 1948 को जन्मी थीं बचपन में इनको शचिंदी नाम से बुलाया जाता था मराठी शब्द शचिंदी का अर्थ होता है –फटा पुराना वस्त्र! इससे समझा जा सकता है कि उनके घर –परिवार तथा समाज में उनका क्या स्थान था। स्त्री होना केवल समाज के लिए अभिशाप नहीं है बल्कि जो मां जन्म देती है तथा जो पिता पोषण करता है उनके लिए भी बेटी एक अभिशाप ही है। विवाह करने के बाद भारतीय समाज बेटी को भूल जाता है वह ससुराल में जीवित रहे या मर विवाह के बाद घर वालों का कोई उत्तरदायित्व नहीं रह जाता। चिंदी की शादी हो गई, पति अनपढ़ मिला जबकि चिंदी दर्जा चार तक पढ़ी लिखी थी। चिंदी की पढ़ाई–लिखाई से पति के पुरुषत्व को ठेस लगती थी अतरू वे जिंदगी सारी पठन–पाठन सामग्री आग के हवाले कर देते थे पर स्वभाव से चिंदी भी कम स्वाभिमानी नहीं थी कविता लिखकर इस डर से का कागजघ् सहित पूरी कविता चबा खा जाती थीं कि उनके पति उसको आग में न जला दें। समय गुजरता गया रोते–सहते कटती रही और एक दिन ऐसा भी आया जब चिंदी को नवें माह की गर्भावस्था में उनके पति ने घर से लात मार कर निकाल दिया यह लात मारना श्रावण का विभीषण को लात मारने से कहीं ज्यादा आनाचारी और अत्याचारी था क्योंकि यह लात एक महिला को पूर्ण–गर्भावस्था के समय मारी गई थी जबकि वह प्रसव के नजदीक होती है। चिंदी तबेले के बीच रात भर पड़ी रही और वहीं उन्हें उन्होंने बच्ची को जन्म दिया, यही नहीं इतिहास के कुछ एक महिलाओं में यह भी थीं जिन्होंने अपनी गर्भनाल स्वयं काटी थी गर्भनाल इतनी आसानी से नहीं कटती पत्थर की सोलह चोंटे देनी पड़ीं तब जाकर गर्भनाल कटी ऐसे जीवन के दुर्गम–मार्ग से होकर निकली चिंदी आगे चलकर सिंधुताई सपकाल के नाम से जानी जाती है। और रेलवे में गाना गाकर भीख मांग–मांग कर अपना पेट भरती है तथा देश में घूम रहे अनाथ बच्चों का को भी खिलाती है धीरे –धीरे सिन्ध ु ताई उन अनाथ बच्चों के साथ रह–रहकर उनकी मां बन गई और हजारों बच्चों को फुटपाथ से उठाकर डॉक्टर, इंजीनियर और प्रोफेसर बना दिया तथा अन्य देश की बड़ी–बड़ी संस्थाओं में पहुंचा दिया प्रसार भारती के एक एपिसोड के अनुसार सिंधुताई आज लगभग दो हजार अनाथ बच्चों की मां है। देश में बढ़ती जनसंख्या के कुप्रभाव जिस तरह से देश के प्रत्येक क्षेत्र में पड़ रहे हैं उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ होगा ओशो ने कहा था कि भारतीय समाज में जो दूधो नहाओ पूतो फलो का आशीर्वाद दिया जाता रहा है आज उस को बदलने की आवश्यकता है आज बढ़ती जनसंख्या के दौर में संतानोत्पत्ति का आशीर्वाद, आशीर्वाद नहीं बल्कि श्राप है इस बात को सिंध ुताई सपकाल ने करके दिखा दिया जो सदी के सबसे बड़े दार्शनिक में जो बात कही उसको व्यवहार में उतारना आसान नहीं है तथापि इस एक अकेली महिला ने इस असंभव को संभव कर दिखाया सिंधुताई हमारे बीच मानवता के एक आदर्श के रूप में सामने आती हैं उन्होंने हम युवाओं के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया है बच्चा न होने के अभाव में बांझ या निपुत्री की उपाधि लेकर समाज की ठोकरे नहीं खानी बल्कि देश में घूम रहे लाखों अनाथ बच्चों को सनाथ करना है उनके मां–बाप बन जाना है जिससे वे बच्चे भी देश के विकास में पढ़–लिखकर अपना योगदान दें जो कि फुटपाथ पर भूखों मर रहे हैं। वैसे तो मां शब्द बहुत बड़ा है फिर भी सिंधुताई सपकाल ने अपने कारनामों से इस शब्द को और अधिक परिव्याप्ति दी है जिससे यह शब्द शक्ति के विद्युतकणों से युक्त हो चुका है यह ऐसा अर्थ पा चुका है कि परिवार, समाज तथा देश इसको अपनी सीमा में बांध नहीं सकते यह शब्द अपने आप में अखिल विश्व का पर्याय है। आज हम जिस दौर से गुजर रहे हैं उसमें विकास और उन्नति तो है पर मनुष्यता कहीं खोती जा रही है व्यक्तिवाद अपनी चरम सीमा को प्राप्त होकर मनुष्यता को छोडने लगा है समाज में किसी के सुख–दुख से हमें ज्यादा सरोकार नहीं रहा कोरोनाकाल की विभीषिका ने इस आग में घी डालने का काम किया है। देश का किसान धन के अभाव में, युवा रोजगार के अभाव में तथा सरकारें संवेदना के अभाव में स्वार्थ के गर्त में धंसती जा रही हैं ऐसे समय में सिंध ु ताई सपकाल मां बनकर आईं और वस्तुतरू मां की ममता से जिनका कोई नहीं था उन्हें स्नेह–सिक्त कर दिया उनकी मां बन गईं भारत सरकार ने सिंधु ताई को पद्मश्री से नवाजा यह गौरव की बात हैय ऐसे विराट व्यक्तित्व का जाना दुखद ही नहीं अपितु अकल्पनीय तथा अत्यंत असहनीय है ऐसी मनुष्यता की साक्षात् देवी को मैं बारंबार नमन करता हूं एवं हृदय की अतल गहराइयों से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

## बिटकॉइन की चुनौती और डिजिटल करेंसी

**डिजिटल करेंसी का हमें स्वागत करना चाहिए विपरीत इसके कि यह केंद्रीय बैंक के गैर–जिम्मेदाराना आचरण से हमारी रक्षा नहीं करती है। केंद्रीय बैंक के गैर–जिम्मेदाराना व्यवहार को इस प्रकार के तकनीकी आविष्कारों से नहीं रोका जा सकता है। उसे ठीक करने का कार्य अंततरू राजनीति का है और उस व्यवस्था को सुदृढ़ करना चाहिए। लेकिन डिजिटल करेंसी के माध्यम से नोट को छापने ...**

भरत झुनझुनवाला

भारतीय रिजर्व बैंक डिजिटल करेंसी जारी करने पर विचार कर रहा है। डिजिटल करेंसी हमारे नोट की तरह ही होती है। अंतर यह होता है कि यह कागज पर छपा नोट नहीं होता है बल्कि यह एक नंबर मात्र होता है जिसे आप अपने मोबाइल अथवा कम्प्यूटर पर संभाल कर रख सकते हैं। उस नंबर को किसी के साथ साझा करते ही उस नंबर में निहित रकम सहज ही दूसरे व्यक्ति के पास पहुंच जाती है। जैसे आप अपनी जेब से नोट निकाल कर दूसरे को देते हैं उसी प्रकार आप अपने मोबाइल से एक नंबर निकाल कर दूसरे को दे कर अपना पेमेंट कर सकते हैं।

डिजिटल करेंसी के पीछे क्रिप्टो करेंसी का जोर है। क्रिप्टो करेंसी का इजाद बैंकों के नियंत्रण से बाहर एक मुद्रा बनाने की चाहत को लेकर हुआ था। कुछ कंप्यूटर इंजीनियरों ने मिलकर एक कठिन पहेली बनाई और उस पहेली को उनमें से जिसने पहले हल कर लिया उसे इनाम स्वरूप एक क्रिप्टो करेंसी अथवा बिटकॉइन या एथेरियम दे दिया। उस बिटकॉइन के निर्माण का खेलने वाले सभी ने अनुमोदन कर दिया कि यह नंबर फलां व्यक्ति को दिया जाएगा। इसी प्रकार नये बिटकॉइन बनते गए और इनका बाजार में प्रचलन होने लगा।

क्रिप्टो करेंसी केंद्रीय बैंकों के नियंत्रण से पूर्णतया बाहर है। जैसे यदि गांव के लोग आपस में मिलकर एक अपनी करेंसी बना लें तो उस पर सरकार का नियंत्रण नहीं रहता है। वे आपस में पर्चे छाप कर एक–दूसरे से लेनदेन कर सकते हैं जैसे बच्चे आपस में कंचे के माध्यम से लेनदेन करते हैं। क्रिप्टो करेंसी का नाम श्इंक्रिप्टेड्य से बनता है। जिस कम्प्यूटर में यह करेंसी रखी हुई है अथवा जो उस कम्प्यूटर का मालिक है उसका नाम इंक्रिप्टेड या गुप्त है। किसी को पता नहीं लग सकता है कि वह करेंसी किसके पास है। इस करेंसी को बनाने का उद्देश्य था कि सरकारी बैंकों द्वारा कभी–कभी अधिक मात्रा में नोट छाप कर बाजार में डाल दिए जाते हैं जिससे महंगाई बहुत तेजी से बढ़ती है। लोगों की सालों की गाढ़ी कमाई कुछ ही समय में शून्यप्रायरू हो जाती है। जैसे यदि आप 100 रुपए के नोट से वर्तमान में 5 किलो गेहूं खरीद सकते हैं। महंगाई तेजी से बढने के बाद उसी 100 रुपये के नोट से आप केवल 1 किलो गेहूं खरीद पायेंगे। ऐसी स्थिति वर्तमान में ईरान और वेनेजुएला जैसे देशों में है। इस प्रकार की स्थिति से बचने के लिए इन इंजीनियरों ने क्रिप्टो करेंसी का आविष्कार किया, जिससे कि बैंकों द्वारा नोट अधिक छापे जाने से उनकी क्रिप्टो करेंसी की कीमत पर कोई प्रभाव नहीं पड़े।

केंद्रीय बैंकों द्वारा क्रिप्टो करेंसी का विरोध तीन कारणों से किया जा रहा है। पहला यह कि अर्थव्यवस्था केंद्रीय बैंक के नियंत्रण से बाहर निकलने को हो जाती है। जैसे यदि देश में महंगाई अधिक हो रही है और रिजर्व बैंक ने मुद्रा के प्रचलन को कम किया तो क्रिप्टो करेंसी का चलन बढ़ सकता है और सरकार की नीति फेल हो सकती है। दूसरा विरोध यह है कि क्रिप्टो करेंसी फेल हो सकती हैं। जैसे यदि कम्प्यूटर का नंबर हैक हो जाये अथवा क्रिप्टो करेंसी बहुत बड़ी संख्या में बनाई जाने लगे तो आज जिस बिटकॉइन को आप ने एक लाख रुपये में खरीदा है, वह कल पांच हजार रुपये का हो सकता है। तीसरा विरोध ा यह कि क्रिप्टो करेंसी का उपयोग आपराधि ाक गतिविधियों को सपोर्ट करने के लिए किया जा सकता है। बीते समय में अमेरिका की एक तेल कंपनी के कम्प्यूटरों को अपराधि ायों ने हैक कर लिया। उन कम्प्यूटरों को वापस ठीक करने के लिए कंपनी से भारी मात्रा में रकम क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से वसूल कर ली। यद्यपि उसमें से कुछ रकम को पुलिस वापस वसूल कर सकी लेकिन बड़ी रकम आज भी वसूल नहीं हो सकी है। इसलिए अपराधियों के लिए क्रिप्टो करेंसी सुलभ हो जाती है क्योंकि वह अपनी आपराधिक गतिविधियों से अर्जित गैर–कानूनी आय को सरकारी नजर की पहुंच के बाहर रख सकते हैं। इसलिए यदि केंद्रीय बैंक जिम्मेदार है और अर्थव्यवस्था सही चल रही है तो क्रिप्टो करेंसी उसे अस्थिर बना सकती है।

दूसरी तरफ यदि बैंक गैर–जिम्मेदार है, जैसे महंगाई बेतहाशा बढ़ रही है तो क्रिप्टो करेंसी लाभप्रद हो जाती है। उस परिस्थिति में व्यापार करना कठिन हो जाता है। आज आपने किसी व्यापारी से एक बोरी गेहूं का सौदा 1,000 रुपये में किया। कल उस 1,000 रुपये की कीमत आधी रह गयी। बेचने वाले ने सौदे से इनकार कर दिया। आप यह सौदा क्रिप्टो करेंसी में करते तो यह कठिनाई नहीं आती। अतरू यदि केंद्रीय बैंक द्वारा बनाई गई मुद्रा अस्थिर हो तो क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से व्यापार सुचारु रूप से चल सकता है। यदि वेनेजुएला की मुद्रा का मूल्य तेजी से गिर रहा है तो वहां के व्यापारी क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से आपस में व्यापार कर सकते हैं और इस समस्या से बच सकते हैं। मूल बात यह है कि यदि केंद्रीय बैंक जिम्मेदार है तो क्रिप्टो करेंसी अस्थिरता पैदा करती है लेकिन यदि केंद्रीय बैंक गैर–जिम्मेदार है तो क्रिप्टो करेंसी लाभप्रद हो सकती है।

इस स्थिति में कई केंद्रीय बैंकों ने डिजिटल करेंसी जारी करने का मन बनाया है। डिजिटल करेंसी और क्रिप्टो करेंसी में समानता यह है कि दोनों एक नंबर होते हैं जो आपके मोबाइल में रखे जा सकते हैं। लेकिन क्रिप्टो करेंसी की तरह डिजिटल करेंसी गुमनाम नहीं होती है। रिजर्व बैंक द्वारा इसे उसी तरह जारी किया जाएगा जैसे नोट छापे जाते हैं। रिजर्व बैंक जान सकती है कि वह रकम किस मोबाइल में रखी हुई है। इसलिए डिजिटल करेंसी केंद्रीय बैंक के गैर जिम्मेदाराना व्यवहार से हमारी रक्षा नहीं करती है। नोट छापने की तरह केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी भी भारी मात्रा में जारी करके महंगाई पैदा कर सकती है। लेकिन फिरभी मुद्रा को सुरक्षित रखने में डिजिटल करेंसी मदद करती है क्योंकि आपको नोटों को आग, पानी और चोरों से बचाना नहीं है। यदि कभी आप अपनी करेंसी का नंबर भूल जायें अथवा आपका मोबाइल चोरी हो जाये तो आपकी पहचान करके उसे वापस प्राप्त करने की व्यवस्था की जा सकती है।

डिजिटल करेंसी का हमें स्वागत करना चाहिए विपरीत इसके कि यह केंद्रीय बैंक के गैर–जिम्मेदाराना आचरण से हमारी रक्षा नहीं करती है। केंद्रीय बैंक के गैर–जिम्मेदाराना व्यवहार को इस प्रकार के तकनीकी आविष्कारों से नहीं रोका जा सकता है। उसे ठीक करने का कार्य अंततरू राजनीति का है और उस व्यवस्था को सुदृढ़ करना चाहिए। लेकिन डिजिटल करेंसी के माध्यम से नोट को छापने और रखने का खर्च कम होता है और आपस में लेनदेन भी सुलभ हो सकता है इसलिए हमें डिजिटल करेंसी का स्वागत करना चाहिए।

लेखक आर्थिक मामलों के जानकार हैं।



# छात्रा को जहर देकर मार देने का अरोप

देवरिया। बरियारपुर थानाक्षेत्र के जटमलपुर गांव की रहने वाली छात्रा ज्योति को घर पर बुलाकर जहरीला पदार्थ खिलाने का मामला सामने आया है। रात जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। छात्रा की मां मीना देवी का आरोप है कि पुराने विवाद में बेटी को जहर दिया गया। छात्रा की मां ने बरियारपुर थाने में पड़ोस की रहने वाली दो महिलाओं समेत पांच लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। गांव के रहने वाले उमेश गिरि ई–रिक्शा चालक हैं। उनकी पुत्री ज्योति गांव में स्थित स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा थी। पड़ोस की रहने वाली महिला ने अपने घर प्रेमपूर्वक ज्योति को बुलाया। छात्रा की मां मीना देवी का आरोप है कि उनकी बेटी को जहरीला पदार्थ खिला दिया गया। वह अपनी बेटी को खोज रही थीं तो उनकी बेटी पड़ोस की महिला के घर से बाहर निकली। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रात करीब एक बजे इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष बरियारपुर आशुतोष कुमार ने बताया कि छात्रा को जहर खिलाने का आरोप लगाया है। मां की तरफ से तहरीर मिल गई है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट में जहर से मृत्यु की पुष्टि होने पर ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## देवरिया में एटीएम, दिल्ली में हो गई दस हजार रुपये की निकासी

अपने घर आए गुरुग्राम की एक कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत व्यक्ति के बैंक खाते से नई दिल्ली में दस हजार रुपये की निकासी का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के साइबर सेल में इसकी शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शहर के रामगुलाम टोला के रहने वाले दुर्गेश कुमार मद्धेशिया हरियाणा के गुरुग्राम में एक आनलाइन कंपनी में मैनेजर हैं। उनका कोटक महेंद्रा बैंक के गुरुग्राम गोल्फफोर्स रोड स्थित शाखा में खाता है। वह एक जनवरी को देवरिया अपने घर पहुंचे। अगले दिन दो जनवरी को उनके खाते से दस हजार रुपये निकासी का संदेश आया। रुपये नई दिल्ली के महिपालपुर के एटीएम से निकाला गया था। संदेश आने पर वह दंग रह गए। उन्होंने बैंक के टोल फ्री नंबर फोनकर एटीएम लाक कराया। इसके बाद साइबर सेल पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके एटीएम का क्लोन तैयार कर धोखाधड़ी की गई है।

## बूंदाबांदी के बाद बढ़ी गलन, ठिठुरे लोग

महराजगंज। एक सप्ताह से जनपद में ठंड का कहर जारी है। सुबह हुई बूंदाबांदी से गलन और बढ़ गई है। बर्फीली हवाओं के कारण पारा लुढ़क कर 14 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। गलन के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। ठंड से बचाव के प्रशासन के इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। अलाव की व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। कस्बा हो या गांव हर जगह लोग ठंड से ठिठुरते नजर आ रहे हैं। ठंड के कारण जहां सड़कों पर चहल–पहल नहीं दिखी, वहीं सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में उपस्थिति कम रही। बस स्टेशन, कचहरी, अस्पताल समेत भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने पर लोग गत्ता व टायर जलाने को मजबूर हैं। हनुमानगढ़ी, मऊपाकड़, कालेज रोड, जिला अस्पताल, धनेवा, चौक तिराहा, ओबरी के अलावा टीकर, झनझनुपर, बागापार आदि क्षेत्रों में भी अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोग कागज, गत्ता जलाकर राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। एडीएम डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि अलाव के लिए तहसीलों को धनराशि भेजी गई है। रैन बसेरा भी तैयार है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। आमजन को ठंड से बचाने के लिए प्रशासन सतर्क है। ठंड में बरतें ये सावधानी – गुनगुने पानी का सेवन करें। – गर्म कपड़े पहन कर घर से निकलें। – भोजन करके ही घर से निकले। – मधुमेह व ब्लड प्रेशर के मरीज विशेष सावधानी बरतें। – बुजुर्ग मार्निंग वाक से बचें।

## पिस्टल चोरी मामले में छह लोगों के शामिल होने की आशंका

महराजगंज। शहर स्थित स्टेट बैंक के पास से पिस्टल व नकदी रखे बैग की हुई चोरी मामले में छह आरोपितों के शामिल होने की पुष्टि हुई है। पुष्टि सीसीटीवी फुटेज की जांच में हुई है। फुटेज में आरोपितों के घटना को अंजाम देने के बाद बस स्टेशन तक जाने और एक निजी बस में चढ़ने के प्रमाण मिले हैं। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी में जुटी हुई है। पिस्टल व कारतूस घटना की अगली सुबह ही बरामद हो गए थे। चौक थानाक्षेत्र के परसौनी निवासी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी की कार से सोमवार को बैग में रखे 80 हजार रुपये नकद और पिस्टल, कारतूस की उस समय चोरी हो गई थी, जब वह अपने चालक के हवाले कार छोड़कर निकले थे। घटनाक्रम के अनुसार पहले भिखारी के रूप में एक बूढ़ा आदमी चालक के पास पहुंचा और रुपये मांगने का बहाना बनाकर कार की रेकी की। इसके बाद दूसरा सदस्य कार के आगे जाकर 20 रुपये के तीन नोट सड़क पर गिराकर आगे बढ़ गया। तीसरा सदस्य आया और कार के चालक को गाड़ी के बोनट के पास कुछ गिरा होने की सूचना देकर आगे बढ़ गया। इसके बाद चालक नीचे उतरा और रुपये उठाने लगा। इसी दौरान कार के पीछे काफी समय से खड़ा एक युवक कार का दरवाजा खोलकर बैग निकाल ले गया। आधे घंटे के बाद पीड़ित को मामले की जानकारी हुई, लेकिन तबतक आरोपित बैग लेकर वहां से निकल चुके थे। सदर कोतवाल रवि राय ने बताया कि घटना के बाद आरोपित बैग को झोले में रखकर ले गए। सीसीटीवी फुटेज में आरोपित रास्ते में बैग चेक करते हुए जाते दिखाई दे रहा है। घटनास्थल से सभी आरोपित बस स्टेशन पहुंचे और वहां से बस पकड़कर गोरखपुर की तरफ रवाना हुए हैं। जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# लूट की दो बाइक के साथ आठ बदमाश गिरफ्तार

देवरिया। बघौचघाट थाने की पुलिस व एसओजी ने बघौचघाट व भटनी थानाक्षेत्र में हुई बाइक लूट की घटनाओं का पर्दाफाश किया। पुलिस ने आठ बदमाशों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। उनके पास से लूटी गई दो बाइक बरामद की। बघौचघाट थाना क्षेत्र के मदिना बाजार चौराहे के पास कुशीनगर जनपद के सुमही बुजुर्ग निवासी सगीर अंसारी अपनी बहन को देवरिया रेलवे स्टेशन छोड़कर 19 दिसंबर 2021 की रात घर लौट रहे थे। पीछे से आ रहे बाइक सवार दो बदमाशों ने असलहे के बल पर बाइक लूट ली। इसके पूर्व भटनी थाना क्षेत्र में भी तीन दिसंबर 2021 को बाइक लूट की घटना को बदमाशों ने अंजाम दिया था। इन दोनों घटनाओं के पर्दाफाश में बघौचघाट थाने व एसओजी पुलिस टीम लगी थी। लूट का मास्टरमाइंड तरकुलवा थाना क्षेत्र के मुजहाना का रहने वाला अमरेंद्र उर्फ सोल्जर मिश्र है। उसने बताया कि लूट की बाइक को वह कुशीनगर के विशुनपुरा बाजार स्थित एक कबाड़ी को बेचता था। पुलिस ने उसकी शिनाख्त पर लूट की दोनों बाइक को बरामद कर लिया। पकड़े गए बदमाशों में गोपालगंज जनपद के विजयीपुर थाने के तेतरिया का रहने वाला राजन पांडेय, तरकुलवा तथा बघौचघाट थाना क्षेत्र का रहने वाला धनंजय गिरी, रवि प्रसाद, विजय, विजेंद्र, परवेज आलम व शैलेश शामिल है। टीम में एसओजी प्रभारी अनिल यादव, थानाध्यक्ष उपेंद्र मिश्र, सिपाही राहुल यादव, राजीव कुमार, प्रमोद यादव व पूजा शामिल रहीं। सीओ देवरिया श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि बाइक लूट की घटना को अंजाम देने वाले आठ बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। लूट की दो बाइक बरामद की गई है।

# पुरानी रंजिश में गला काटकर युवक की हत्या, शव फेंका

देवरिया। बरियारपुर थानाक्षेत्र के अहिलवार बुजुर्ग गांव के रहने वाले अजय मिश्र की गला काटकर हत्या कर दी गई। उनका शव सदर कोतवाली क्षेत्र के पिपरा चंद्रभान गांव में सुबह मिला। उनके दोनों हाथ व शरीर को कपड़े की रस्सी से बांधा गया था। डीआइजीध्एसपी डा. श्रीपति मिश्र ने घटनास्थल का जायजा लिया। हत्या की वजह धोखे से भूमि बैनामा कराने को लेकर चल रहा विवाद बताया जा रहा है। बरियारपुर पुलिस ने मृतक के चाचा रमेश मिश्र की तहरीर पर पांच नामजद व तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। युवक अजय मिश्र उम्र 30 वर्ष पुत्र स्व. उमेश मिश्र की गांव की भूमि को शहर के भटवलिया के रहने वाले अरुण कुमार सिंह ने बैनामा कराया था। आरोप है कि मृतक अजय का अपहरण कर नशीली दवाएं खिलाकर धोखे से बैनामा कराया गया व पैसे भी नहीं दिए गए। इसका मुकदमा दीवानी न्यायालय में चल रहा है। मुकदमे की तारीख में पैरवी के लिए अजय घर से निकले, लेकिन न्यायालय में नहीं पहुंचे। सोनूघाट का पूर्व प्रधान हृदयाशंकर यादव ने सोनूघाट में अजय को रोक लिया और उनके चाचा रमेश मिश्र को बुलाकर रुपये को लेकर बातचीत करने लगा। इस पर चाचा रमेश ने आपत्ति की। उसके बाद अजय अपने चाचा के साथ घर आ गए। शाम करीब छह बजे आरोपितों के बुलाने पर अजय बिना बताए घर से निकल गए। सुबह उनकी हत्या कर शव को पिपरा चंद्रभान गांव के समीप फेंक दिया गया। मृतक के गले को काटा गया था। पाकेट में न तो मोबाइल था और न ही रुपये थे। चाचा रमेश की तहरीर पर बरियारपुर थाने में भूमि बैनामा कराने वाला अरुण कुमार सिंह पुत्र दयाशंकर सिंह, सहयोगी पिपरा चंद्रभान का प्रद्युम्न पांडेय पुत्र संजय पांडेय, पुनीत शाही पुत्र उमेश नारायण शाही, अरविद कुमार पांडेय पुत्र लाल बहादुर पांडेय व हृदयाशंकर यादव व तीन अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जिलाधिकारी ने किया कोविड वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण

देवरिया। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने 15 से 18 आयु वर्ग के किशोरों के लिए राजकीय इंटर कालेज और अग्रसेन इंटर कालेज में बने कोविड वैक्सीनेशन सेंटर का औचक निरीक्षण किया। किशोरों का तेजी से टीकाकरण करने का निर्देश दिया। राजकीय इंटर कालेज में प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा से वैक्सीनेशन के संबंध में जानकारी ली। प्रधानाचार्य ने जिलाधिकारी को बताया कि लगभग 1350 विद्यार्थी विद्यालय में हैं।

जिनमें से 953 विद्यार्थियों का टीकाकरण हो चुका है, जिस पर जिलाधिकारी ने शेष विद्यार्थियों का टीकाकरण शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात जिलाधिकारी महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में स्थापित डेडिकेटेड कोविड वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य गोपाल दत्त शुक्ला को वैक्सीनेशन के लिए आये विद्यार्थियों के ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार गुप्ता सहित विभिन्न अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विद्यालयों में डेडिकेटेड कोविड वैक्सीनेशन सेंटर बने हैं उन्हें नजदीक के विद्यालयों के साथ जोड़ दिया जाए। जिससे अन्य विद्यालयों के किशोरों का टीकाकरण शीघ्रता के साथ हो सके। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रतिदिन रात आठ बजे तक डेडिकेटेड सेंटर पर टीकाकरण की व्यवस्था ठीक से करने और स्वयं निगरानी करने को कहा। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 73 केंद्रों पर 15–18 आयु वर्ग के किशोरों के लिए कोविड वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं जहां पर 31 दिसंबर 2007 से पूर्व जन्म लेने वाले किशोरों का वैक्सीनेशन कराया जा रहा है।

## जिले में 2596 क्षय रोगियों के खाते में भेजे गए 60.13 लाख रुपये

महराजगंज। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत देश को वर्ष 2025 तक क्षय रोग से मुक्त करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सरकार क्षय रोगियों को जहां मुफ्त उपचार उपलब्ध करा रही है, वहीं उनके पोषण का भी ध्यान रख रही है। जिले में अब तक 2596 रोगियों के खाते में डीबीडी (डायरेक्ट बेनिफिकट ट्रांसफार) के माध्यम से पोषण सहायता के रूप में 60.13 लाख रुपये भेजे गए हैं। जिले में कुल 3353 क्षय रोगी हैं। जिनका इलाज चल रहा है। 3107 रोगियों का बैंक खाता निक्षय पोर्टल पर अंकित है। जिसमें 2892 रोगियों का खाता सही पाया गया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि क्षय रोगियों को प्रत्येक माह पोषण सहायता के रूप में पांच सौ रुपये प्रतिमाह सीधे खाते में उपचार पूरा होने तक भेजा जाता है। अब तक 159 किशोरों को लिया गया गोदः महराजगंज। जिले में क्षय रोग से पीड़ित 159 किशोरों को अधिकारियों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने गोद लिया है। इनकी निगरानी में इन किशोरों का इलाज चल रहा है। अधिकारी और संस्था के सदस्य उन्हें दी जानी वाली दवा और पोषण के संबंध में नियमित जानकारी रखते हैं। क्षय रोगी खोजने पर मिलेगी पांच सौ रुपये प्रोत्साहन राशिः महराजगंज। गांव–गांव से नए क्षय रोगी खोज निकालने के लिए पांच सौ रुपये प्रोत्साहन राशि देने का नियम है। क्षय रोगी की सूचना देने वाले निजी चिकित्सक और आमजन को पांच सौ रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसका प्रचार–प्रसार किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक रोगी चिह्नित कर उनका उपचार किया जा सके।

# उत्साह के साथ 5890 किशोरों ने लगवाया टीका

महराजगंज। कोरोना से बचाव के लिए टीका लगवाने और जांच के लिए लोगों में बूंदाबांदी के बाद भी काफी उत्साह रहा। बड़ी संख्या में किशोरों, युवक, महिलाएं और पुरुषों की कतार लगी रही। इस दौरान 15 से 18 वर्ष आयु के 5890 किशोरों सहित कुल 16521 लोगों को टीका लगाया गया। विद्यालयों पर किशोर और किशोरियों ने बढ़चढ़कर टीकाकरण में प्रतिभाग किया। 2086 लोगों की कोरोना जांच हुई। इसमें जहां 1048 लोगों की एंटीजन जांच हुई, वहीं 1038 लोगों का नमूना आरटीपीसीआर जांच के लिए भेजा गया। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार मोतीराम द्विवेदी जनता इंटर कालेज में सीएचसी बनकटी की ओर से कैंप लगाकर 437 छात्रों को टीका लगाया गया। कालेज के प्रधानाचार्य लाल सिंह ने कहा कि सात जनवरी को भी कैंप आयोजित होगा। जो बच्चे आज छूट गए हैं, वह शुक्रवार को विद्यालय पर आकर अपना टीकाकरण करवा सकते हैं। भिटौली संवाददाता के अनुसार घुघली ब्लाक के गंगराई में स्थित एमजीएम इंटर कालेज में कैंप लगाकर 85 छात्रों को टीका लगाया गया। प्रबंधक मोहम्मद अफसर अली, प्रधानाचार्य सुरेंद्र प्रजापति के अलावा श्रीराम पटेल, मोहम्मद रफी आजम, ओबेदुल्लाह, रियाज सिद्दीकी, मोहम्मद नसीमा खातून, सकीना खातून, संतोष गौतम सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम में सीएचओ रीना, एएनएम प्रियम, कल्याणी ,रीना व आशा लीलावती आदि मौजूद रहीं। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि हुई जांच में एक भी कोरोना संक्रमित मरीज नहीं मिला। इस तरह से जिले में संक्रमित सक्रिय मरीजों की संख्या 30 है। अबतक जिले में 12474 लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं।

## पानी का पैसा मांगने गए बच्चे को कोतवाली पुलिस ने दी गाली, पीटा

संत कबीर नगर। संत कबीर नगर में कोतवाली पुलिस की





गुंडई एक फिर गुरुवार की शाम को दिखी। बताते चलें कि वाटर इंडिया नामक आरो प्लांट से खलीलाबाद के अलग–अलग क्षेत्रों के साथ पुलिस विभाग के अलग–अलग सेक्टर में पानी सप्लाई की जाती है। दिनांक 6 जनवरी 3 गुरुवार की शाम को वाटर इंडिया के संचालक शोएब रिजवान का पुत्र शाहिद जब कोतवाली थाने में दिए गए पानी का पैसा मांगने गया तो मौजूद कोतवाली थाने में पुलिस कर्मियों द्वारा बच्चे के साथ अभद्रता की गई। इतना ही नहीं पानी का पैसा मांग रहे बच्चे का मोबाइल छीनकर मौजूद पुलिसकर्मियों ने गाली देते हुए थप्पड़ों की बौछार कर दी। मासूम रोता हुआ घर आया और पूरी जानकारी अपने पिता शोएब रिजवान को दी। वाटर इंडिया के संचालक शोएब रिजवान ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पुलिस का अमानवीय रवैया पिछले कई बार भी कोतवाली थाने में हो चुका है। लेकिन उच्च अधिकारी तमाशाबीन बने रहते हैं। अगर दोषी पुलिसकर्मियों के ऊपर कार्रवाई नहीं हुई तो मैं उक्त मामले को लेकर लखनऊ में बैठे उच्च पुलिस अधिकारियों तक अवगत कराऊंगा साथ ही मामले को कोर्ट तक ले जाऊंगा।

# टीबी रोग कोई कलंक या अभिशाप नही है और न ही असाध्य रोग है, इसका पूर्ण रूप से इलाज सम्भव

**बस्ती।** आजादी के अमृत महोत्सव आइकॉनिक वीक ऑफ हेल्थ के तहत 2025 तक क्षयरोग को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री महोदय के अति महत्वाकांक्षी योजना टीबी मुक्त भारत अभियान में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम द्वारा आज श्रीमती सावित्री सिंह स्मारक इंटर कॉलेज हर्रैया के छात्र/छात्राओं को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया गया तथा सम्भावित क्षय रोगी को निःशुल्क जांच एवं उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्र पर भेजने की अपील किया गया साथ ही साथ टीबी कलंक शमन



और जागरूकता विषय पर शपथ दिलाया गया। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक राहुल श्रीवास्तव ने टीबी के प्रति जागरूक करते हुए विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि टीबी रोग कोई कलंक या अभिशाप नही है और न ही असाध्य रोग है, इसका पूर्ण रूप से इलाज सम्भव है। टीबी का समस्त आधुनिक जांच एवं सम्पूर्ण उपचार सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र पर निःशुल्क उपलब्ध है।

राहुल ने बताया कि इसके इलाज हेतु निःक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत उपचारित क्षय रोगियों को 500 रु. न्यूट्रीशियन सपोर्ट हेतु प्रतिमाह भुगतान उपचार पूर्ण करने तक डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में किया जाएगा। इस सुविधा का लाभ उठाने हेतु प्रत्येक टीबी मरीज को अपना पासबुक खाता संख्या एवं आधारकार्ड की फोटो कॉपी जहां से उपचार ले रहा है वहां पर देना होगा। वहीं वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक दुर्गेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि सीने में दर्द, बुखार, वजन कम होना, खांसी आना, खांसी के साथ बलगम आना– खून आना, गिल्टी इत्यादि जिस भी व्यक्ति में इनमें से कोई लक्षण दिखे तो तत्काल उनका जांच कराएं। जिन भी व्यक्ति को बलगम आ रहा है उन्हें तत्काल सुबह का बलगम डिब्बी में निकालकर जांच हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाकर जांच कराने को कहें। इस दौरान विद्यालय स्टाफ सहित छात्रध्छात्राएं उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद क्षेत्र की सक्रिय 38 कोटे की दुकानों पर भी आयोजित किया जायेंगा टीकाकरण कैम्प

**बस्ती सू0वि0** । जिलाधिकारी श्रीमती सौम्या अग्रवाल ने रविवार 09 जनवरी को स्व0 सत्यवान सिंह खेल स्टेडियम में कोविड–19 का मेगा कैम्प आयोजित करने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। टाउन क्लब सभागार में आयोजित बैठक में उन्होने कहा कि इसी दिन नगर पालिका परिषद क्षेत्र की सक्रिय 38 कोटे की दुकानों पर भी टीकाकरण कैम्प आयोजित किया जायेंगा। उन्होने ग्रामीण क्षेत्र में सभी 262 ईट–भट्ठों पर भी रविवार को कैम्प आयोजित करके शतप्रतिशत लोगों का टीका लगवाने का निर्देश दिया है। बैठक में उन्होने स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, आगनबाड़ी, कोटेदार, ईट–भट्ठा मालिक को सम्बोधित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में टीकाकरण से अधिक लोग वंचित है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने निर्देशित किया है कि 20 जनवरी तक शतप्रतिशत लोगों का टीका लगवाये। उन्होने कहा कि कोटे की दुकान पर राशन कार्ड धारक तथा उनके परिवारी सदस्य जिनकी उम्र 15 वर्ष से ऊपर है, के साथ–साथ अन्य लोगों का भी टीका लगाया जायेंगा। कोटे की दुकान से संबंधित क्षेत्र की आगनबाडी कार्यकत्री शनिवार शाम तक ड्यूलिस्ट तैयार करके कोटेदार को उपलब्ध करायेगी तथा रविवार को वहॉ उपस्थित रह कर सभी का टीका लगवायेंगी। उन्होने बताया कि स्टेडियम में हर आयु वर्ग के लोगों के लिए टीकाकरण केन्द्र बनाया जायेंगा। यहॉ पर कोई भी व्यक्ति आकर टीका लगवा सकता है। उन्होने सीएमओ को निर्देशित किया है कि 15 से 17 वर्ष, 18 वर्ष से ऊपर के सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए अलग–अलग टीकाकरण केन्द्र स्टेडियम में स्थापित करें।

उन्होने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्र के ईट–भट्ठों पर कार्यरत लोगों के लिए टीका लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराये। लेखपाल के माध्यम से ड्यूलिस्ट तैयार करा लें। ईट–भट्ठों पर टीका लगाने के बाद टीम निकट के गॉव में जाकर टीका लगायेंगी। यहॉ पर आगनबाड़ी पहले से ड्यूलिस्ट तैयार करके लोगों को एकत्र रखेंगी। सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि टीकाकरण एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। सक्रिय सहयोग न पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेंगी। उन्होने निर्देश दिया है कि टीकाकरण केन्द्र पर बैठने के लिए कुर्सी, पीने के लिए पानी तथा अन्य व्यवस्थाए की जायेंगी। सीएमओ डॉ. चन्द्रशेखर ने कहा कि खाली पेट कोविड का टीका न लगवाये। टीका लगवाने के बाद कम से कम आधा घण्टा टीकाकरण केन्द्र पर ही रूके। यदि किसी प्रकार की दिक्कत होती है, तो डाक्टर समुचित इलाज कर सकेंगे। उन्होने कहा कि रविवार को आरोग्य मेला पूर्व की भॉति आयोजित होगा। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम अमृत पाल कौर, आनन्द श्रीनेत, गुलाब चन्द्र, जी.के. झा, एसीएमओ डॉ0 फखरेयार हुसैन, डा0 सीके वर्मा, डॉ0 सीएल कन्नौजिया, डीएसओ सत्यवीर सिंह, एआरओ सुशील कुमार मिश्र, ईओ नगरपालिका अखिलेश त्रिपाठी, आलोक राय, डॉ0 स्नेहिल, डॉ0 एके कुशवाहॉ, डीपीओ सावित्री देवी, ईट–भट्ठा संघ के अध्यक्ष विश्वनाथ जायसवाल उपस्थित रहें।

# सदर विधायक ने किया 50 किमी लम्बी धन्यवाद यात्रा का आयोजन

## विभिन्न स्थानों पर तीन करोड़ से अधिक लागत के कई कार्यो का किया लोकार्पण व शिलान्यास

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा शुक्रवार को जिला मुख्यालय से बिहार के बॉर्डर तक धन्यवाद यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया। बताया गया की जिस तरह आप लोगों ने अपने अमूल्य मत से केंद्र में दो बार व प्रदेश में 2017 के चुनाव में भाजपा की सरकार बनाने का कार्य किया वही दोहराते हुए एक बार पुनः उत्तर प्रदेश की बागडोर योगी जी के हाथ में सौपनी है जिससे उत्तर प्रदेश में भयमुक्त भ्रष्टाचार मुक्त सरकार का गठन हो सके। जिला मुख्यालय से दोपहर 12.00 बजे करीब सैकड़ों चार पहिया वाहनों के जुलूस के साथ सदर विधायक के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने धन्यवाद यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान 50 किलोमीटर की सीमा में सड़क के किनारे पढ़ने वाले तमाम गांव के ग्रामीणों को केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ विस्तार से बताया गया। सदर विधायक ने कहा कि जब से देश में कॅरोना की शुरुआत हुई है उत्तर प्रदेश व देश के तमाम राज्यों में मुफ्त में राशन का वितरण किया जा रहा है। हर घर को पानी के लिए हर घर नल योजना का शुभारंभ सोनभद्र जैसे जनपद में किया गया है। यह जनपद गर्मी शुरू होते ही पेयजल संकट से जूझने लगता है। बिना जातिवाद के व बगैर किसी भेदभाव और दुर्भावना से परे होकर देश में लाखों परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराया गया है। संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत हर घर में शौचालय देकर देश को स्वछता में पूरी दुनिया में आगे लाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने धन्यवाद यात्रा के दौरान कहा कि विपक्षी चाहे जितनी भी साजिश कर ले चाहे जो भी चाल चलें प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने दो दिन पूर्व पंजाब में प्रधानमंत्री के




काफिले के दौरान सुरक्षा चूक को बहुत बड़ी घटना बताया। सदर विधायक श्री चौबे ने कहा कि इस की गंभीर जांच होनी चाहिए। हो सकता है किसी प्रकार की क्षति पहुंचाने के लिए इस तरह का कार्य किया गया हो। धन्यवाद यात्रा के दौरान सदर विधायक ने बिरधी गांव में 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित विवाह मंडपम भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सियाराम पटेल चतरा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि धीरेंद्र पटेल समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे। यात्रा के दौरान रामगढ़ व तियरा गांव के शहीद स्थल पर शहीदों को माल्यार्पण किया गया। तियरा गांव के प्रसिद्ध ब्रह्मा बाबा के स्थान पर भी उन्होंने पूजा की। सोनवट गांव में भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। वैनी बाजार में भी शहीद स्थल पर माल्यार्पण किया।नगवां ब्लाक सभागार में लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से निर्मित परियोजनाओं का शिलान्यास सदर विधायक ने किया। खलियारी बाजार में विधायक ने कहा कि जो लोग भ्रष्टाचार जातिवाद सम्प्रदाय वाद बेरोजगारी को बढ़ावा दिए आज उसी की दुहाई देकर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर धन्यवाद यात्रा में पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल नगवां ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह सदर ब्लाक प्रमुख अजित रावत चतरा मंडल अध्यक्ष राजबहादुर सिंह चुर्क मंडल अध्यक्ष महेंद्र पांडेय जिला मंत्री संतोष शुक्ला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी गीता देवी मनोज सोनकर शार्दूल बिक्रम हिरेश द्विवेदी गुलाब मिश्रा बिमलेश पटेल बबलू केशरी सुनील सिंह धीरज केसरी पप्पू दुबे समेत सैकड़ो लोग साथ रहे।

# 03 पिकअप में लदे 21 गौवंश सहित 06पशु तस्कर गिरफ्तार

## पशु तस्करों के कब्जे से दो अवैध असलहा बरामद, पशु तस्करों में मचा हड़कंप

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। पुलिस उपमहानिरीक्षकध्पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 07 जनवरी को थाना करमा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम रानीतारा में पोखरे के पास से 03 पिकअप वाहन से तस्करी हेतु ले जाये जा रहे 21 राशि गोवंश को बरामद कर मुक्त कराया गया तथा गोवंश की तस्करी के लिये ले जा रहे 06 अभियुक्त सेराजुद्दीन उर्फ सेराज पुत्र अब्दुल हमीद निवासी ग्राम सिकन्दरपुर, थाना चौनपुर, जनपद भभुआ, बिहार 02. सेराज शाह उर्फ छोटक पुत्र शहदात शाह निवासी ग्राम सोहदवार, थाना सैयदराजा, जनपद चन्दौली 03. हंसलाल खरवार पुत्र रामसनेही खरवार निवासी ग्राम पड़री, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र 04. निशार शाह पुत्र सहाबुद्दीन शाह निवासी ग्राम केवा, थाना चौनपुर, जनपद कैमूर भभुआ, बिहार 05. मो0 आजाद



पुत्र विश्मिल्ल निवासी वार्ड नं0 14 नथुनी शाह गली, थाना भभुआ, बिहार 06. भगवान सिंह यादव पुत्र रामदुलार सिंह यादव निवासी ग्राम निरंजनपुर, थाना चौनपुर, जनपद कैमुर भभुआ बिहार को गिरफ्तार किया गया तथा 02 अभियुक्तगण 01. सेराजुद्दीन उर्फ सेराज पुत्र अब्दुल हमीद निवासी ग्राम सिकन्दरपुर, थाना चौनपुर, जनपद भभुआ, (बिहार) 02. सेराज शाह उर्फ छोटक पुत्र शहदात शाह निवासी ग्राम सोहदवार, थाना सैयदराजा, जनपद चन्दौली उनके कब्जे से 01–01 अवैध तमंचा 312 बोर व मय 01–01 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारी तथा बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 –5ध्2022, 06ध्2022 व 07ध्2022 धारा 3ध्5 ।ध्5ठध्8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम तथा मुवअवसंव–08ध्09ध्2022 धारा–3ध्25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर उपरोक्त अभियुक्तगण को न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, थाना करमा, व0उ0नि0 विनोद कुमार यादव, उ0नि0 शेषनाथ यादव,हे0का0 योगेन्द्र नाथ उपाध्याय, हे0का0 मनिराम सिंह, थाना करमा, हे0का0 वाजिद अली, आरक्षी शशि बेनवंशी, आरक्षी प्रमोद कुशवाहा, आरक्षी रोहित यादव, थाना करमा, जनपद सोनभद्र शामिल रहे।

## फिरोज पप्पू के हत्यारों की गिरफ्तारी शीघ्र कराने की मांग बलरामपुर विकास मंच



दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। प्रदेश में गिरती कानून व्यवस्था को लेकर समाज के बुद्धिजीवियों में भय एवं दहशत का माहौल बनता जा रहा है नजीर के तौर पर जनपद बलरामपुर में ही विगत कुछ महीनों में जन सामान्य से निर्वाचित ग्राम प्रधानों उनके प्रतिनिधियों के साथ नगर पंचायत तुलसीपुर के चेयरमैन के पति व प्रतिनिधि फिरोज खां उर्फ पप्पू की जिस क्रूरता के साथ हत्या की गई है उसकी जितनी भी निंदा की जाए कम ही है उक्त हत्या समाज अचंभित व स्तब्ध है उक्त बातें बलरामपुर विकास मंच के संयोजक घनश्याम मिश्र ने एक भेंटवार्ता में कही उन्होंने स्थानीय जिला प्रशासन से हत्या आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर घटना का पर्दाफाश कराने की मांग की उन्होंने कहा कि अगर हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी शीघ्रता शीघ्र नहीं की गई तो हमें अहिंसक आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## युवक महिला मंगल दलों को खेल कूद सामग्रियों हुआ वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। स्थानीय विकास खण्ड के कठपुरवा ग्राम



पंचायत के मिनी स्टेडियम में आज कुल 81 युवक महिला मंगल दलों को खेल कूद सामग्रियों का मुख्य अतिथि प्रमुख सीमा देवी के द्वारा किया गया। जानकारी के अनुसार युवक महिला, पुरूष मंगल दलों को तय कार्यक्रम के तहत करमा विकास खण्ड के महिला मंगल दल 16 व पुरूष युवक मंगल दलों को मिलाकर 27 खेल सामग्रियों में 4 वाल, 4फुटबॉल, दो नेट सहित अन्य खेलकूद सामग्रियों का वितरण किया गया।वहीं घोरावल विकास खण्ड के युवक दल 24,महिला मंगल दल 30 कुल मिलाकर 54 को खेल सामग्रियों का वितरण मुख्य अतिथि प्रमुख सीमा देवी के द्वारा किया गया।वितरण करने से पहले युवक महिला मंगल दलों व पुरुषों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार युवक युवतियों के सर्वागीण विकास पर जोर दे रही है सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर कार्यक्रम किया जा रहा है।बहुत खुशी की बात है कि महिलाये अपने युवक दलों को जोड़ कर अपनी प्रतिभा निखारने में लगीं। आज के परिवेश में हम महिलाएं पुरुषों से कंधा मिलाकर चल रही हैं। ऐसा कोई जगह नहीं है जहाँ हमारी बहन बेटियाँ प्रतिभागियों के रूप में न हो।हम अपने बहन बेटियों बधाई देते हैं कि इसी तरह से अपने उपस्थिति दर्ज कराती रहें।इस दौरान रामअधार कोल प्रतिनिधि प्रमुख, भाजपा नेता सीबी सिंह, प्रदीप सिंह जिला ब्यायाम प्रशिक्षक, अनुज तिवारी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सहित युवक युवतियां उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार दीक्षित कार्यवाहक जिलाध्यक्ष युवक मंगल मंगल दल ने किया।

# पंजाब में प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर हुई चूक पर युवा मोर्चा ने निकाला मशाल जुलूस

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा को लेकर हुई चूक और वहां के कांग्रेस के मुख्यमंत्री द्वारा किए गए व्यवहार को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा बलरामपुर के नेतृत्व मे पंजाब सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने और कांग्रेस के देश विरोधी रवैये को लेकर जगह जगह प्रदर्शन किया गया बलरामपुर नगर में पार्टी कार्यालय अटल भवन से अम्बेडकर तिराहा, मेजर चौराहा, चौक से होते हुए वीर विनय चौक तक मशाल जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया इस दौरान राज्य मंत्री पल्टूराम ने कहा कि करोड़ों



भाजपा कार्यकर्ताओं सहित 130 करोड़ देशवासियों का आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है पंजाब की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जिस तरह से व्यवहार किया वह बहुत निंदनीय है और इस घटना के बाद कांग्रेस का पतन निश्चित है इस घटना से पूरे देश में आक्रोश है राज्यमंत्री ने युवाओं से संयम बरतने की अपील की और कहा कि सरकार दोषियों पर कार्यवाही अवश्य करेगी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह राज्य मंत्री पलटू राम, डॉ अजय सिंह शिपंकूश, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री वरुण सिंह, अवधेश तिवारी, पंकज श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता, राजीव विश्वमोहन द्विवेदी, डा. प्रांजल त्रिपाठी, संदीप उपाध्याय, सभासद विनोद गिरी, राघवेंद्र कांत सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री अक्षय शुक्ला अमन बंसल, अजीत ओझा, राजेश कश्यप, श्रृषभ सिंह, तरंग श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष सौरभ तुलस्यान यश अग्रवाल, नगर के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

## विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता डीपी सिंह बैस ने अपना आवेदन भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। भाजपा मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस ने आगामी



विधानसभा चुनाव हेतु भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह को अपना आवेदन प्रस्तुत किया भाजपा के वरिष्ठ नेता व मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस ने बताया कि पार्टी उन्हें जनपद में जिसी भी सीट से उम्मीदवार बनायेगी उस सीट पर पार्टी को जीत दिलायेंगे। उन्होंने कहा कि वो वर्षों से पार्टी के लिए ईमानदारी पूर्वक निष्ठा भाव से कार्य करते आ रहे हैं और पार्टी में युवा मोर्चा में नगर अध्यक्ष, जिला मंत्री, महामंत्री, जिला संयोजक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा, नामित सभासद, लोकसभा संचालन समिति सहित विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों में महत्वपूर्ण पदों पर रहकर लोगों की सेवा की है वही समाजसेवी धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के द्वारा मदत से कोरोना काल में लोगों को मदद पहुँचाई। उन्होंने कहा कि पार्टी यदि उन्हें विधानसभा प्रत्याशी के रूप में चुनती है तो वो पूरी निष्ठा से पार्टी की सेवा करेंगे।

## पंजाब में पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक के बाद भाजपा महिला मोर्चा ने किया महामृत्युंजय जाप

बरहलगंज गोरखपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक के बाद गोरखपुर में भी भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा गोरखपुर इकाई की जिलाध्यक्ष चंचला शुक्ला के नेतृत्व में स्थानीय विष्णु मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इस दौरान महामृत्युंजय जाप भी किया गया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा गोरखपुर की जिलाध्यक्ष चंचला शुक्ला ने कहा कि इससे कांग्रेस की कुंठित मानसिकता का भी पता चलता है।इसी लिए कांग्रेस को सद्बुद्धि देने के लिए भी भगवान महाकाल से प्रार्थना की गई है।इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीर्घायु हो और देश के गरीब अंतिम पंक्ति के लोगों की ऐसे ही मदद करते रहें ऐसी प्रार्थना की गई। उन्होंने कहा कि राजनीतिक प्रतिद्वंदिता अपनी जगह है मगर देश के सर्वोच्च पद पर आसीन जनप्रतिनिधि की सुरक्षा में इस प्रकार की गंभीर लापरवाही करना बेहद निंदनीय है। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष अमिता गुप्ता जिला अध्यक्ष चंचला शुक्ला, क्षेत्रीय महामंत्री अर्चना सिंह गोरखपुर , महानगर अध्यक्ष श्वेता श्रीवास्तव डॉ. रागिनी पाण्डेय सहित जिला के सभी पदाधिकारी गण मौजूद रहीं।

# चेयरमैन फरीदा बेगम ने दर्जनों विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र/चोपन। नगर पंचायत अध्यक्ष



फरीदा बेगम ने नए वर्ष पर नगरवासियों को कई विकास कार्यों की सौगात दी। चेयरमैन ने शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय पर गणमान्य लोगों की उपस्थिति में दर्जनों विकास कार्यों का लोकार्पण किया व वार्ड 11 में नाली का शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य नगरवासियों के लिए समर्पित है। नगर में विकास कार्य अपनी प्रगति पर हैं तथा नगर पंचायत नगर के विकास कार्यों को करने के लिए सदैव तत्पर है। अभी दर्जनों विकास कार्यों का टेंडर हो चुका है उसका भी जल्द शिलान्यास कर कार्य प्रारंभ करा दिए जायेंगे। चेयरमैन प्रतिनिधि उष्मान अली ने कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप सभी कार्य कराए जा रहे हैं आज जिस कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण हुआ है वह नगरवासियों के लिए समर्पित है आगे भी कई योजनाओं को मूर्तरूप देने का कार्य चल रहा है। अधिशाषी अधिकारी महेंद्र सिंह ने कहा कि नगर पंचायत अपने सीमित संसाधनों से नगर का यथासंभव विकास कराने में प्रयासरत है। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष सिंह उर्फ डंपू सिंह, सभासद कुशल सिंह, महेन्द्र केशरी, अनिल जायसवाल, ऊषा देवी, जनार्दन वैशवार ,जीतू सिंह, सतेन्द्र मिश्रा, ज्ञानेन्द्र पाठक, अमित सिंह एडवोकेट, श्यामसुंदर मिश्रा, नीरज जायसवाल, संतोष वर्मा, नीरज मिश्रा, संजय, लिपिक अंकित पांडेय, राधारमण पांडेय, संतोष मिश्रा, जितेंद्र पासवान, रंजित, अनुज इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## म्योरपुर में प्रथम आगमन पर सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव का हुआ जोरदार स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। म्योरपुर विकास खण्ड के स्थानीय कस्बे गुरुवार



शाम आठ बजे समाजवादी पार्टी की मनोनीत महिला सभा के राष्ट्रीय सचिव आफरीन खान वा छात्र सभा जिला के अध्यक्ष पवन पटेल का समाजवादी पार्टी के छात्र नेताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया समाजवादी पार्टी की महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव आफरीन खान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2022 में अखिलेश यादव के पूर्ण रूप से सरकार बनने जा रही है इसलिए अभी से ही आप कमर कस लें पूर्व में जब सपा की सरकार में जो विकास हुआ था उसे जनता को आप जाकर बताएं उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार से जनता एकदम त्रस्त है महंगाई बेकाबू है डीजल पेट्रोल आसमान छू छू रहे हैं कहा कि अगर अखिलेश यादव की पूर्ण रूप से सरकार बनती है तो 300 यूनिट बिजली फ्री में दी जाएगी इस दौरान छात्र सभा जिला सचिव प्रदीप यादव, रिजवान अहमद, महा सचिव शाहिद अंसारी उर्फ मस्तान, उपाध्यक्ष फैज अहमद, शाहिद अंसारी, साकिर अंसारी, ओम अग्रहरि, सूरज चन्द्रवंशी, लुल्लु मिस्त्री आदि मौजूद रहे।

# कोहरे, बरसात व खराब मौसम के दृष्टिगत यातायात पुलिस ने लगवाये रेट्रो रिफ्लेक्टिव

सीतापुर। कोहरे, बरसात व खराब मौसम के दृष्टिगत गुरूवार को परिवहन विभाग व यातायात पुलिस द्वारा डालमियां चीनी मिल, रामकोट व अन्य स्थानो पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत 12 ट्रकों, 127 ट्रैक्टर ट्रालियों सहित 150 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाये गये। एआरटीओ (प्रवर्तन) डा. उदित नारायण पाण्डे द्वारा बताया गया कि रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगे होने से अन्य वाहनों, पैदल, रिक्शा व अन्य सड़क प्रयोगकर्ताओं को वाहन की जानकारी मिल जाती है। जिससे लोग सतर्क हो जाते है। एआरटीओ (प्रवर्तन) द्वारा बताया गया कि दिन की तुलना मे रात के समय सड़क दुर्घटनाओं की सम्भावना 3–4 गुना अधिक होती है। कई बार अंधेरे कोहरे में वाहन में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप न लगे होने के कारण वाहन दूर से दिखाई नहीं देते। जिससे सड़क दुर्घटना की सम्भवना कई गुना बढ़ जाती है। एआरटीओ (प्रवर्तन) ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में से लगभग 24 प्रतिशत दुर्घटनाऐ खराब मौसम बरसात, धुंध अथवा कोहरे के दौरान होती है। इसलिये सड़क पर चलते समय दृश्यता में वृद्धि करने के लिये रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप का प्रयोग एक प्रमुख उपाय है ताकि वाहनों को दूर से देखा जा सके। यातायात निरीक्षक फ रीद अहमद द्वारा बताया गया कि अधिकतर मामलों में दुर्घटनाओं का कारण एक चालक द्वारा दूसरे वाहन, पैदल यात्री मोटर साइकिल सवार को सही तरीके से देख न पाना होता है। ट्रैक्टर ट्रालियों व अन्य वाहनों में रेट्रो रिफ लेक्टिव टेप के प्रयोग से सड़क दुर्घटनाओं एवं इसके फलस्वरूप होने वाले मृत्यु व लगने वाली चोंट में पर्याप्त कमी लायी जा सकती है। एआरटीओ (प्रवर्तन) द्वारा आज बिना रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के संचालित पाये गये 13 वाहनों तथा मॉडिफाइड साइलेंशर के विरूद्ध एक वाहन सहित 37 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही जनपद के समस्त चीनी मिल में संचालित ट्रैक्टर ट्रालियां व ट्रक इत्यादि के वाहन स्वामियों से अपने वाहनो में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगाने की अपील की गयी। वाहन पर बिना रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के लगे होने पर रूपया 10,000 प्रशमन शुल्क आरोपित किया जाता है। इस अभियान के दौरान यातायात निरीक्षक के सहकर्मी व परिवहन विभाग के प्रवर्तन कर्मी दिनेश कुमार पाण्डेय, सुशील कुमार, महेन्द्र कुमार व चीनी मिल के डीजीएम व यातायात प्रभारी भी मौजूद रहे।

# पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में इनामिया हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

सिधौली (सीतापुर)। सर्किल क्षेत्र के थाना कमलापुर अंतर्गत महोली गांव के बाहर पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस ने एक इनामिया हिस्ट्रीशीटर को जिन्दा पकडने में कामयाबी हासिल की है। जबकि उसके दो साथी भागने में कामयाब रहे। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली के चलते घायल बदमाश को इलाज के लिए कड़ी सुरक्षा में जिला अस्पताल ले जाया गया है। सुबह पुलिस व एसओजी टीम को मुखबिर के जरिये सूचना मिली थी कि जनपद बाराबंकी के मशौली थाना क्षेत्र के बंजारनपुरवा गांव निवासी बदमाश पिन्टू बंजारा कमलापुर थाना इलाके के महोली पुल के निकट अपने दो साथियों के साथ खड़ा हैं। सूचना पर एसओजी टीम ने कमलापुर पलिस को लेकर घेरा बंदी शुरू कर दी।

पुलिस की घेरा बंदी की जानकारी मिलते ही बदमाश पिन्टू बंजारा और उसके साथी ने भागने की कोशिस की। पुलिस से खुद को घिरा देख पिन्टू और उसके साथियों ने फ ायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फ ायरिंग की तो एक गोली बदमाश के पैर में लग गई। इस बीच दो बदमाश कोहरे का फायदा उठाते हुये भागने मे सफल हो गये। बदमाश पिन्टू बंजारा को घायल अवस्था में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सीओ यादुवेन्द्र यादव ने बताया कि पुलिस बल ने मुठभेड़ में लूट, राहजनी, पशु तस्करी, छिनैती गैंगेस्टर जैसे मामले में जनपद बाराबंकी से वांछित चल रहे बदमाश पिन्टू बंजारा को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। इस पर 25 हजार का इनाम घोषित है। बदमाश को पैर में गोली लगी है। घायल हालत में उसका इलाज जिला अस्पताल में कड़ी सुरक्षा के बीच किया जा रहा है। वहीं पिन्टू बंजारा के साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

# कृषि प्रौद्योगिकी प्रदर्शन एवं प्रसार केंद्र उदघाटन समारोह कार्यक्रम का आयोजन

हरदोई। तहसील सण्डीला क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर कृषि प्रौद्योगिकी प्रदर्शन एवं प्रसार केंद्र संडीला हरदोई का उदघाटन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह आई.ए.एस (अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज, उत्तर प्रदेश शासन) के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने एचसीएल फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की तथा किसानों को संबोधित करते हुये कहा कि किसानों को आजीविका मिशन द्वारा संचालित गतिविधियों के साथ–साथ एचसीएल फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे सभी योजनाओं में प्रतिभाग करना चाहिए, जिससे उन्हें अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। इस केंद्र के माध्यम से उन्नतशील कृषि पद्धितियों का प्रदर्शन,आदर्श पोषण वटिका व सौर ऊर्जा चलित सिचाई प्रणाली एवं कृषि यंत्रीकरण के लिए उपलब्ध सभी प्रकार के यंत्रों का प्रदर्शन किया जाता है तथा किसानों को आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त केंद्र पर समन्वित कीट प्रबंधन एवं समन्वित पोषण तत्व प्रबंधन की उन्नत विधियों का प्रदर्शन किया जाता है तथा किसानों को उपलब्ध भी कराया जाता है। एचसील फाउंडेशन के समुदाय परियोजना के द्वारा कृषि प्रौद्योगिकी प्रदर्शन एवं प्रसार केंद्र सीएटीटी संडीला के कृषको के प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन के साथ–साथ, कृषि हेतु उपयुक्त उपकरणो तक पहुँच सुगम करने के उद्देश्य से भवन को आवस्यक उपकरणो व सुविधाओं से आच्छादित्त किया गया है। किसानो को बेहतर तकनिकियों से अवगत कराया जा सके, इसके लिए कस्टम हयरिंग सेंटर को क्रियाशीलता प्रदान की गयी है। जैविक कीटनाशकों का उत्पादन जैसे– अमृत पानी, अमृत खाद, ब्रहमास्त्र किया जाता है तथा उनके प्रयोग की विधियाँ और उन्हें बनाने के तरीकों के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है। इस केंद्र पर प्रगतिशील किसानो को विभिन्न विषयों जैसे पारंपरिक खेती,सब्जी उत्पादन, फल उत्पादन, फूल उत्पादन एवं औषधि और सगंधीय पौधों की खेती के साथ–साथ आदर्श पोषण वाटिका स्थापित करने हेतु प्रशिक्षण दिया जाता है तथा समस्त कृषि पद्धतियों के प्रतिदर्श प्रदर्शन क्षेत्र स्थापित किए गए हैं। जिससे किसान एचसीएल फाउंडेशन द्वारा स्थापित विभिन्न माडल को समझ कर खेती कर सकें। इस केंद्र पर इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 5000 किसानों के प्रशिक्षण का लक्ष्य रखा गाय है। इस अवसर पर समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ० नन्द किशोर (उपनिदेशक कृषि) ने बात करते हुये बताया की एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से हम जिले में दलहन और तिलहन का क्षेत्र बढाने में सफल रहे तथा एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से किसानों को उन्नतशील बीज व कृषि आगत उपलब्ध कराई गयी जिससे किसानों को सब्जी की खेती व फल उत्पादन में अच्छा लाभ हो रहा है तथा किसान एचसीएल फाउंडेशन द्वारा बताई गयी विधियों को अपना रहे है तथा किसानों को इस केंद्र द्वारा कस्टम हयरिंग सेंटर के माध्यम से मशीनों को उपलब्ध कराया जाता है। इसके पश्चात एचसीएल फाउंडेशन के परियोजना निदेशक आलोक वर्मा द्वारा एचसीएल फाउंडेशन के द्वारा किए जा रहे सभी विकास कार्यों की जानकारी दी गयी। इसी अवसर पर ग्राम पंचायतों के प्रीतिनिधित्वों के सशक्तिकरण व उनकी क्षमता वृद्धि के लिए 3 पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इन पुस्तकों में 73वें सांविधानिक संशोधन, पंचायतों के कार्यवाही रजिस्टर व आय के स्त्रोतों के विषय मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई है। इसके साथ–साथ इन पुस्तकों में उत्तर प्रदेश शासन के हर ग्राम पंचायत स्तर पर सभी सरकारी निर्देशों को एकत्र कर साझा किया गया हैं। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में भ्रमण के दौरान अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास पंचायती राज मनोज कुमार सिंह द्वारा सोम ग्राम पंचायत के पंचायत भवन का अवलोकन किया गया, फिर रैंसो ग्राम पंचायत मे उप स्वास्थ्य केंद्र का अवलोकन करने के साथ–साथ कमालगढ़ी में एचसीएल फाउंडेशन द्वारा स्थापित सोलर मिनिग्रिड एवं कछौना मे टेलरिंग सेंटर का भ्रमण किया गया जहां पर द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओ से जानकारी ली गयी और उनके द्वारा निर्मित हैंडीक्राफ्ट को भी देखा गया। इस अवसर पर गिरीश चन्द्र जिला पंचायती राज अधिकारी,अजय प्रताप सिंह जिला विकास अधिकारी,देवेंद्र कुमार सिंह उप जिला अधिकारी,संडीला, गजेंद्र कुमार तिवारी परियोजना निदेशक डीआरडीओ, विपिन कुमार चौधरी डीसी आरआरएलएम, नरोत्तम कुमार उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, संडीला भी मौजूद रहे।

# गौवंशों से परेशान ग्रामीणों ने एक सैकड़ा गौवंशों को पकड़ कर सरकारी विघालय में किया बंद

सिधौली (सीतापुर)। क्षेत्र के हुसैनगंज व जूधौरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय व मोहल्ला सन्त नगर में गौवंशों से परेशान ग्रामीणों ने लगभग एक सैकड़ा से अधिक गोवंश को प्राथमिक विद्यालय के परिसर में बंद करके अपना विरोध प्रदर्शन जताया। आपको बता दें कि सिधौली तहसील क्षेत्र में आवारा गोवंश का जबरदस्त आतंक फैला हुआ है। किसानों की फसलों को आवारा गोवंश लगातार नष्ट कर रहे हैं। जिससे परेशान होकर हुसैनगंज क्षेत्र के ग्रामीणों ने आज क्षेत्र के लगभग 1 सैकड़ा से अधिक गोवंश को पकड़ कर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के परिसर में बंद कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन उनकी मेहनत को बर्बाद कर रहे हैं और उनके द्वारा उगाई गई फसलों को नष्ट कर देते हैं व कई बार इन जानवरों ने कई लोगों को घायल भी कर दिया। जिसको लेकर आज क्षेत्र के ग्रामीण आक्रोशित हो गए और सभी गोवंश को प्राथमिक विद्यालय में बंद कर दिया। ग्रामीणों का यह भी आरोप है क्षेत्रीय प्रशासन गोवंश पर ध्यान नहीं दे रहा है। क्षेत्र में सरकार द्वारा बनाए गए को आश्रय स्थलों मौजूद होने के बावजूद इन गोवंश को प्रशासन को आश्रय स्थल में नहीं रख पा रहा है। भारतीय किसान यूनियन के दीपू जायसवाल ने बताया कि आवारा पशुओं से क्षेत्रीय जनता काफी परेशान हैं। जल्द ही इसे छुटकारा दिलाया जाए।

# लायंस क्लब जरूरतमंदों को बाटेगा कंबल,लायंस विक्रम कोठारी को दी गई श्रद्धांजलि

हरदोई।विश्व के अनेक देशों में सेवा कार्यो में अग्रणी लायंस क्लब की हरदोई यूनिट की मासिक बैठक शहर के एक होटल में हुई। पूर्व गवर्नर हरगोविंद सेठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में उद्योगपति लायंस विक्रम कोठारी के निधन पर शोक सभा में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व गवर्नर हरगोविंद सेठी ने कहा कि क्लब 11 जनवरी को बघौली में जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया जाएगा। बैठक का शुभारंभ क्लब की प्रतिज्ञा के साथ हुआ बैठक में लायंस क्लब के द्वारा सेवा कार्यो को किये जाने के प्रस्ताव को सभी द्वारा सराहा गया। लायंस अध्यक्ष गौरव सिंह भदौरिया ने क्लब द्वारा किये गए कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया गया कि शीत कालीन समय में क्लब द्वारा पूर्व वर्षो की भांति कंबल,टोपा,मोजा तथा शाल का वितरण जरूरतमंदों को किया जाएगा।बैठक में प्रमुख रूप से जोन चेयरमैन अवध बिहारी मिश्र, लायंस अविनाश चंद्र गुप्ता व लायंस अनूप पूरी ने अपने विचार रखे। लायंस क्लब के पूर्व गवर्नर विक्रम कोठारी के निधन पर शोक सभा हुई। हरगोविंद सेठी ने नम आंखों से बताया कि कोठारी हमारे बहुत अजीज रहे,सेवा कार्य में हमेशा तत्पर आगे रहते थे। कई क्लबों की भी स्थापना उन्होंने की। सेवा कार्य में उनकी अहम भूमिका रहती थी। लायंस क्लब ने एक सच्चा साथी खोया है। बैठक में मुनिराज सिंह, अविनाश चंद गुप्ता,राजवर्धन श्रीवास्तव अशोक गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, संजय अवस्थी, अखिलेश गुप्ता, अमित गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, अनुराग शुक्ल, श्यामजी गुप्ता, आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने सभी का आभार जताया।

# परेशान अन्नदाता अन्ना मवेशियों का झुंड लेकर पहुंचे विकासखंड

हरदोई। विकासखंड अहिरोरी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में गोवंशों के द्वारा लगातार किसानों की गेहूं की फसल को चौपट किया जा रहा है जिससे रात दिन जागकर भी किसान अपनी फसल बचाने में असफल साबित होता जा रहा है परेशान अन्नदाता ने गोवंशों के झुंड को घेरकर विकास खंड पहुंचे, जहां पर मौजूद कर्मचारियों ने अन्ना मवेशियों के झुंड को आते देख विकासखंड के मुख्य गेट पर ताला लटका दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के लिए सबसे बड़ा संकट अन्ना मवेशी बने हुए हैं जिसके चलते वर्तमान सरकार को वोटों से हाथ भी धोना पड़ सकता है वही परेशान किसान के पास जब कोई विकल्प नहीं मिलता तो वह अन्ना मवेशियों को लेकर सरकारी दफ्तरों की तरफ पलायन करते हैं। अन्ना मवेशियों के प्रति सरकारी निर्देश सिर्फ कोरे कागज की तरह साबित होते जा रहे हैं जिस पर कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं दिखाई पड़ती है। उधर तेंदुआ की दहशत के चलते फसल को बचाने भी किसान खेतों पर रात में जाने से कतरा रहें है, जिससे अन्ना मवेशियों के झुंड खेतों को बर्बाद कर रहे हैं। उक्त प्रकरण को लेकर विकास खंड अधिकारी के मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई परंतु संपर्क नहीं हो सका।

# बेहटागोकुल के ग्राम पंचायत अधिकारी ने अस्थाई गौशाला का कराया प्रबंध

हरदोई।किसानों को अन्ना गौवंश से मुक्ति दिलाने के लिए बावन ब्लाक के ग्राम बरखोरा,सकतपुर बबनापुर,मझरेता,नयागांव में ग्राम पंचायत अधिकारी अंकिता सिंह व सभी ग्राम प्रधानो ने आगे कदम भवन व पड़ी खाली जमीन पर अस्थाई गौशाला बनाकर अन्ना गौवंश को कैद किया है। इनकी देखभाल के लिए ग्राम प्रधानो ने ग्रामीणों के सहयोग से सुबह–शाम खुद चारा–पानी की व्यवस्था संभालने में जुट गए हैं। जनपद व ब्लाक में अन्ना गौवंश नासूर बन चुके हैं। तमाम दावों के बाद ठोस समाधान नहीं हो सका था। इससे किसान बेहद परेशान थे। किसानों को इस समस्या से निदान के लिए जिला प्रशासन व ब्लाक स्तरीय अधिकारियों व ग्राम प्रधानों ने आगे कदम बढ़ाकर अस्थाई गौशाला बनाकर गांव के अन्ना मवेशियों को कैद कराया है।

ग्राम प्रधानो ने बताया कि कोई भी गौवंश भूख–प्यास से न मरने पाए इसके लिए ठोस इंतजाम किए गए हैं। ग्राम प्रधानो ने बताया कि लगभग चार से पांच कुंतल भूसा प्रतिदिन लगेगा। इसमें करीब दो हजार रुपए प्रतिदिन खर्च होगा। सुबह–शाम गायों के चारा–पानी के इंतजाम की व्यवस्था वह खुद खड़े होकर देखेंगे।घायल एवं बीमार होने वाले गौवंश का इलाज भी कराया जाएगा। ग्राम पंचायत अधिकारी अंकिता सिंह ने बताया कि सभी गांव में जनमानस के सहयोग प्रधानों के सहयोग से अस्थाई गौशाला बननी शुरू हो गई है वह स्वयं ही गांव गांव जाकर छुट्टा अन्ना मवेशियों को बनाए गए अस्थाई गौशालाओं में शिफ्ट करा रही हैं जिससे किसानों व ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

हरदोई।विश्व दिव्यांग दिवस पर रामलली पटेल शैक्षिक संस्थान बरहुआं पर वैज्ञानिक सर रॉबर्ट लुई ब्रेल जयंती समारोह मनाया गया, साथ ही प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को पुरुस्कार दिया गया। विद्यालय में आयोजित वैज्ञानिक सर रॉबर्ट लुई ब्रेल की जयंती पर मुख्य अतिथि रामलाल स्पर्श राजकीय बालिका इंटर कालेज लखनऊ ने छात्रों के बारे में बताया कि दृष्टि दिव्यांगजनों के लिए सर लुई ब्रेल मसीहा बनकर आये। उन्होंने ही दिव्यांगजनों के लिए लिखने पढ़ने की विधि बनाई थी। जिसका आज सभी उपयोग कर अपना जीवन बना रहे हैं। उन्होंने छात्रों को लुई ब्रेल से पढ़ने की प्रेरणा देकर छात्रों को आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों को मेहनत से पढ़ने तथा अपना अपने माता पिता का नाम रोशन करने का संदेश दिया।पूजा द्विवेदी ने कहा, दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है। मेहनत से पढ़ने वाले बच्चों ने दिव्यांगता को दूर कर अपना व देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने नोएडा के जिलाधिकारी का उदाहरण भी दिया। आज दिव्यांगता विकास में बाधा नही है पर बच्चों को मेहनत करना है और लोगो के लिए प्रेरणास्रोत बनना है। पूर्व में दिव्यांग छात्रों की कराई गई प्रतियोगिता में विजेता छात्र,छात्रा अर्पित, सलोनी,राधा,सीमा, जितेंद्र,प्रियंका को मेडल देकर पुरुष्कृत किया गया। इस मौके पर प्रबन्धक अमरेंद्र कुमार ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये।इस अवसर पर उपासना ,ज्योति द्विवेदी, उदय विक्रम सिंह, अंकिता देवी,ललित, प्रशांत, हिमान्शु सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# छोटे बेटे को वर्दी मिली तो खुशी से गदगद मां बोली, मेरा पूरा परिवार देश सेवा में

हरदोई। बघौली थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर सूरज पाल सिंह के छोटे पुत्र को वर्दी मिलने के बाद अब बेटा बेटी सहित पूरा परिवार समाज को सुरक्षा दे रहा है। आज छोटे बेटे को वर्दी मिलते ही खुशी से गदगद मां ज्ञानमती सिंह बोली कि हमारा पूरा परिवार देश सेवा के लिए समर्पित हो गया है। बताते चलें कि बघौली थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर सूरजपाल सिंह मुरादाबाद जनपद के थाना ठाकुरद्वारा के ग्राम सभा बादर झल्ला मजरा लौंगी कला के निवासी हैं, उनका बड़ा बेटा रोहित सिंह कोतवाली अकबरपुर जनपद अंबेडकरनगर में कांस्टेबल के पद पर तैनात है जबकि बेटी स्वाति सिंह जनपद बरेली के कोतवाली इज्जत नगर में कांस्टेबल के पद पर तैनात है। छोटा बेटा मोहित सिंह हरदोई में तैनात है जिसका पुलिस में भर्ती होने के बाद वर्दी मिलते ही पूरा परिवार अब देश सेवा में शामिल हो गया है। यह बहुत ही सौभाग्य नसीब वाले व्यक्तियों को मुनासिब होता है तथा ईमानदार सब इंस्पेक्टर सूरजपाल सिंह ने अपने परिवार को मेहनत और ईमानदारी के चलते इस मुकाम पर पहुंचा दिया।

# अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाने को लेकर अपराजेय विजय शंखनाद यज्ञ सम्पन्न

हरदोई। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव आदर्श दीपक मिश्र एडवोकेट हाई कोर्ट के नेतृत्व में जनपद हरदोई के पौराणिक विख्यात मन्दिर माता काली मन्दिर पर अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री को पुनः उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की कामना को लेकर अपराजेय विजय शंखनाद यज्ञ काशी से पधारे श्रद्धेय पंडित दयाशंकर मिश्र यज्ञाचार्य एंव समस्त वैदिक मण्डल के द्वारा तीन दिवसीय यज्ञ में पूर्ण आहूती देकर अखण्ड विजय की प्राप्ति की प्रार्थना के साथ यज्ञ सम्पन्न हुआ। यज्ञ में समाजवादी श्री मिश्र ने बताया कि यह पौराणिक महाकाली मन्दिर की मान्यता है जो भक्त बड़े मनोभाव एवं मनोकामना के साथ आता है भगवती महाकाली अपना आर्शीवाद प्रदान करती है। यज्ञ आयोजन के दौरान सभी समाजवादी साथियों ने 2022 के विधान सभा चुनाव को लेकर यज्ञ में आहूती डाली और ईश्वर से कामना की कि 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बने और प्रदेश पुनः तरक्की की राह पर चल पड़े। यज्ञ कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से प्रहलाद मिश्र वरिष्ठ समाजवादी नेता, अवनीकान्त बाजपेयी प्रदेश सचिव,प्रशान्त मिश्रा जिलाध्यक्ष प्रबुद्व सभा, हरिनाम सिंह यादव जिलाध्यक्ष युवजन सभा, मनीष वर्मा जिलाध्यक्ष अनुसूचित सभा, चन्द्रशेखर पाल पूर्व जिलाध्यक्ष, कपिल सिंह, अंकित गुप्ता, मोहित अवस्थी, सोमेन्द्रपाल सोनू, विजय रावत, दिनेश कुमार वर्मा,विजय पाण्डेय एडवोकेट, रामजी अवस्थी, आकाश दीवाकर, अनुज पाल सहित समस्त समाजवादियों ने मिलकर पूजा अर्चना की।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या ने महिला उत्पीडन के मामलों की सुनवाई की

सीतापुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता बंसल ने तहसील सदर के सभागार में महिला उत्पीडन के मामलों की जनसुनवाई की। उन्होंने पीडिघ्त महिलाओं को एक एक करके सुना और समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के निर्देश सम्बन्धि‍त अधिकारियों को दिये। महिला जनसुनवाई के दौरान कुल 15 प्रकरण प्राप्त हुए। जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अंतरित कर दिया गया। जनसुनवाई करते हुए श्रीमती बंसल ने कहा कि महिलाओं को जागरूक करके महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को कम किया जा सकता है। इसके लिये उन्होंने जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश जिला प्रोबेशन अधिकारी को दिये। उन्होंने एक.एक करके महिलाओं से उनका परिचय लिया और उन पर हो रहे शोषण के प्रति अधिकारों से परिचय कराया। उन्होंने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीडन, मानसिक पीड़ा का दंश झेल रही महिलाओं को अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु शिकायत कहां करनी व शिकायत करने की प्रक्रिया के विषय में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा महिलाओं के लिये चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने महिला हेल्पलाइन नम्बर के विषय में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी शिकायतें निस्तारित हो रही हैं। उनकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि एक ही शिकायत के लिये बार.बार पीडिघ्ता को आना न पड़े। इससे पूर्व सदस्या ने खैराबाद के ग्राम भगौतीपुर में घर–घर जाकर निरीक्षण व चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शौचालय, आवास, उज्जवला योजना के बारे में लोगों से जानकारी ली। लाभाथियों ने सदस्या को बताया कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ मिल रहा है। खैराबाद के ग्राम भगौतीपुर ज्यादातर लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल चुका है। 08 जनवरी को ग्राम भगौतीपुर में कैम्प का आयोजित किया जायेगा। जो पात्र लाभार्थी सरकार की योजनाओं से वंचित रह गये हैं उनको उसका लाभ दिया जायेगा व लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली जायेगी। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार, तहसीलदार सदर ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर पियूष सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, हजारों का सामान जल

सिधौली (सीतापुर)। क्षेत्र के मास्टर बाग में बीती रात अज्ञात कारणों से एक घर में आग लग गई। आग लगने से लगभग 30000 का खाद्य सामग्री व अन्य सामान नष्ट हो गया। जानकारी के अनुसार मास्टर बाग निवासी राम आसरे पुत्र टौर्री के घर के बाहरी हिस्से में अचानक आग लग गई। जब आग की लपटें तेज हुई तब घरवालों व ग्रामीणों को जानकारी हुई। आनन.फानन में आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक काफ ी नुकसान हो चुका था। पीडिघ्त रामा आसरे ने बताया कि हजारों रुपये का भूसा चारपाई रजाई गद्दे व अन्य घरेलू सामान जिसकी कीमत लगभग 30000 है। जलकर नष्ट हो गया।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# खाने के बाद टूथपिक का करते हैं इस्तेमाल तो आज ही छोड़ दें वरना...



बहुत से लोग ऐसे होते हैं जिनको कुछ भी खाने के बाद टूथपिक या माचिस की तीली का इस्तेमाल करना पसंद होता है। ऐसे लोगों की टूथपिक या माचिस की तीली से दांत साफ करने की आदत होती है। इसे आम भाषा में लोग दांत खोदना कहते हैं। लेकिन अगर आपको यह आदत है तो यह आपको बहुत बड़ी मुश्किल में डाल सकती है। आपको बता दें कि टूथपिक या माचिस की तीली से दांत खोदने से आपके दांतों और मसूड़ों में एक नहीं बल्कि कई सारी दिक्कतें हो सकती हैं। आज हम आपको इन्ही के बारे में बताने जा रहे हैं।

दांतों के बीच गैप आ सकता है– टूथपिक से दांत साफ करने से आपके दांतों के बीच में गैप आ सकता है। जी हाँ और यह देखने में तो खराब लग ही सकता है साथ ही इनमें खाना फंसने से कैविटी होने की दिक्कत भी हो सकती है।

दांत कमजोर हो सकते हैं– आपको बता दें कि कई बार टूथपिक और माचिस की तीली से दांत साफ करते हुए कुछ लोग उसको चबाने भी लगते हैं। ऐसा करने से दांतों के इनेमल की परत को नुकसान हो सकता है जिससे दांत कमजोर हो सकते हैं।

दांतों की जड़ों को नुकसान हो सकता है– लगातार और बार–बार टूथपिक के इस्तेमाल से दांतों की जड़ें भी कमजोर हो सकती हैं। जी दरअसल, कई बार ऐसा भी होता है जब टूथपिक टूट जाती है और उसका टुकड़ा टूटकर दांतों में फंस सकता है जिससे टिशूज को नुकसान हो सकता है।

मसूड़ों से खून आ सकता है– टूथपिक या माचिस की तीली से दांत खोदने से मसूड़ों में जख्म लग सकता है। इसी के साथ मसूड़ों में चोट लग सकती है और खून भी आ सकता है।

क्या तरीके अपना सकते हैं आप–

’ टूथपिक या माचिस की तीली से दांत साफ करने की आदत छोड़ दें, लेकिन अगर न छोड़ सकें तो आप इसके लिए किसी और तीली की जगह नीम की तीली का इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि नीम एंटीबैक्टीरियल होता है।

’ रोजाना खाना खाने के बाद कुल्ला करने की आदत डालें। इसके लिए नमक वाले गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें तो ज्यादा अच्छा होगा।

’ खाना खाने के बाद ब्रश करने की आदत डालें।

## अपने रिलेशनशिप की वजह से चर्चा में हैं चाहत खन्ना

चाहत खन्ना इन दिनों अपने रिलेशनशिप की वजह से चर्चा में हैं। लंबे समय से खबरें आ रही हैं कि एक्टर चाहत खन्ना और रोहन गनदोत्रा एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों की सोशल मीडिया पर तस्वीरें आग में घी का काम कर गईं। चाहत खन्ना ने मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज करते हुए अपने रिलेशनशिप और लव लाइफ पर खुल कर बातें की। चाहत खन्ना ने रोहन गनदोत्रा के साथ रिश्ते के बारे बारे में कहा, श्रोहन और मैं 4 प्रोजेक्ट पर एक साथ बैक टू बैक काम कर रहे हैं और यही कारण है कि हम एक दूसरे के साथ समय बिता रहे हैं और हैंग आउट कर रहे हैं।य चाहत खन्ना ने कहा कि निजी जिंदगी में हुए विवादों की वजह से उनकी डेटिंग लाइफ अक्सर मीडिया स्क्रूटिनी में आ जाती है। दो बार तलाक के बुरे दौर से गुजरने के बाद श्कुबूल हैय स्टार ने माना कि वो अब पहले की तुलना में बेहतर मानसिक स्थिति में हैं। चाहत खन्ना ने कहा, श्मैं प्रोफेशनल लाइफ में जरूर संघर्षत हूं लेकिन निजी जीवन में मैं अपनी बेटियों के साथ बहुत खुश हूं। यही मेरे लिए काफी है। मैं उन्हें अकेले संभाल रही हूं। सिंगल मदर होना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। लेकिन ये आपको फाइट बैक करने के लिए शक्ति देता है। समाज अक्सर पुर्नविवाह करने और बच्चों के होने के बाद रिलेशनशिप में जाने वाली महिलाओं को गलत नजर से देखते हैं। लेकिन, चाहत खन्ना का मानना है कि श्तलाकशुदा महिलाएं या सिंगल मॉम्य अगर फिर से प्यार की तलाश करती है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। चाहत खन्ना ने कहा, श्उन्हें भी हक है कि वो रिलेशनशिप में बच्चों के होने के बाद रहें। हम सभी को कंपैनियन की जरूरत होती है।य वहीं, ये पूछे जाने पर क्या वो एक बार फिर प्यार के लिए तैयार हैं। इस पर उन्होंने कहा, श्मुझे अभी भी तलाक और ब्रेक अप के अलगाव से हुए एन्जाइटी से डर लगता है और ये रहेगा। लेकिन रिलेशनशिप में रहने के भी कुछ फायदे हैं।य उन्होंने कहा कि सफल शादीशुदा जीवन का राज कंपेटिबल जीवनसाथी होता है। चाहत खन्ना ने कहा, श्शादी जीवन भर का कमिटमेंट होता है और अगर आपको ऐसा पार्टनर मिल जाए जो आपकी रुह को शांत रखता हो तो इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। लेकिन अगर कोई ऐसा शख्स है जो आपके जैसे तत्वों से ही बना है तो वो रिश्ता कभी आपके लिए पर्याप्त नहीं होगा। ऐसे में अकेले रहना बेहतर है।य





## आश्रम की साध्वी माता असल जिंदगी में हैं काफी बोल्ड

प्रकाश झा के निर्देशन में बनी इस वेबसीरीज के दोनों पार्ट को लोगों ने खूब पसंद किया है. सीरीज के हर अभिनेता ने कमाल का काम किया है। आश्रम में त्रिधा चौधरी के अलावा अदिति पोहनकर, परिणीता सेठ ने भी अहम भूमिका निभाई है। आश्रम में साध्वी माता का किरदार निभाने वाली परिणीता रियल और रील लाइफ में बिल्कुल अलग दिखती हैं। बाबा के महल में साड़ी पहनकर आश्रम की देखभाल करने वाली परिणीता सेठ असल जिंदगी में काफी हॉट हैं। परिणीता अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। सोशल मीडिया पर परिणीता सेठ के वीडियो और तस्वीरें छाए रहते हैं. वैसे अगर परिणीता की बात करें तो वह द किंग्स डॉटर्स और सीआईडी जैसे टीवी सीरियल्स के अलावा फिल्मों में काम कर चुकी हैं। परिणीता सेठ आए दिन अपनी कातिलाना अदाओं से सोशल मीडिया पर बवाल मचाती रहती हैं। एक्ट्रेस का इंस्टाग्राम अकाउंट भी हॉट तस्वीरों से भरा पड़ा है. इन तस्वीरों में परिणीता शानदार अंदाज में नजर आ रही हैं.

**परिणीता अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। सोशल मीडिया पर परिणीता सेठ के वीडियो और तस्वीरें छाए रहते हैं. वैसे अगर परिणीता की बात करें तो वह द किंग्स डॉटर्स और सीआईडी जैसे टीवी सीरियल्स के अलावा फिल्मों में काम कर चुकी हैं...**

## दिल में घबराहट और थकान महसूस होना नहीं हैं किसी आम बीमारी के लक्षण

भागदौड़ भरी जिंदगी और खराब जीवनशैली ने कई गंभीर बीमारियों को आम बनाकर रख दिया है, जिसमें एक नाम डायबिटीज का भी है। माना जाता है कि मधुमेह या शुगर की बीमारी अगर किसी को हो जाए, तो जिंदगी भर उसके साथ रह सकती है। अगर वक्त रहते शुगर के लक्षण पर ध्यान न दिया जाए, तो डायबिटीज की समस्या घातक परिणाम भी प्रदर्शित कर सकती है। यही वजह है कि में हम डायबिटीज क्या है? इस सवाल के जवाब के साथ ही डायबिटीज के कारण और इसके लक्षण बताने जा रहे हैं। 1. लो ब्लड शुगर के प्रमुख लक्षण ’ दिल में घबराहट और थकान महसूस होना ’ सिरदर्द की परेशानी और भूख बढ़ जाना ’ हर बात पर चिड़चिड़ापन और हाथ–पैर कांपना ’ अधिक पसीना आना और देखने में दिक्कत होना ’ बेहोश हो जाना या स्किन का पीला होना 2. लो ब्लड शुगर के कारणः तनाव में रहने से या खाली पेट एक्सरसाइज करने से ब्लड में शुगर की मात्रा घट सकती है. इसके अलावा अगर आप खाना देर से या कम मात्रा में खाना खाते हैं तो ये भी आपके ब्लड शुगर लेवल को कम करने का काम करता है. ज्यादा दवाइयों के सेवन से भी आपको इस बीमारी का सामना करना पड़ सकता है. लो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए आप फल, दूध, शुगर, लहसुन, दही या ड्राई फ्रूट्स का सेवन कर सकते हैं.



## चकदा एक्सप्रेस में झूलन गोस्वामी के किरदार से वापसी करेंगी अनुष्का शर्मा




अनुष्का शर्मा एक बार फिर से पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी फिल्म श्चकदा एक्सप्रेस्य आने वाली है जो पूर्व भारतीय महिला क्रिकेट कप्तान झूलन गोस्वामी की जिंदगी और उनकी क्रिकेट यात्रा से प्रेरित है। मिली जानकारी के तहत यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है, जिसकी पहली झलक अनुष्का शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है। आप सभी को बता दें कि यह फिल्म विश्व क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज महिला गेंदबाजों में से एक झूलन गोस्वामी की शानदार यात्रा को दर्शाने वाली है, जिन्होंने अपने सपने को पूरा करने के लिए कई बाधाओं को पार किया और कई महिलाओं को प्रेरित किया।

आप सभी को यह भी बता दें कि अनुष्का शर्मा और उनके भाई कर्णेश शर्मा की क्लीन स्लेट फिल्मज द्वारा निर्मित, श्चकड़ा एक्सप्रेस्य का निर्देशन प्रोसित रॉय द्वारा किया गया है। अभी इस फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है लेकिन ऐसा कहा जा रहा है फिल्म धमाकेदार होने वाली है। अनुष्का शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का टीजर जारी किया है। इस टीजर वीडियो में आपको झूलन गोस्वामी के रूप में अनुष्का शर्मा बहुत ही धाकड़ खिलाड़ी की तरह दिखाई देंगी। आप देख सकते हैं अनुष्का शर्मा ने इस पोस्ट में झूलन गोस्वामी को लेकर एक बहुत ही लंबा लेख लिखा है। इस लेख में उन्होंने पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान के बारे में दिल को छू लेने वाली बातें कही हैं।

अनुष्का शर्मा ने झूलन गोस्वामी की बात करते हुए लिखा– यह वास्तव में एक स्पेशल फिल्म है, क्योंकि यह बलिदान की एक जबरदस्त कहानी है। चकदा एक्सप्रेस पूर्व भारतीय कप्तान झूलन गोस्वामी के जीवन से प्रेरित है और यह महिला क्रिकेट की दुनिया की आंखें खोलने वाली होगी। ऐसे समय में जब झूलन ने क्रिकेटर बनने और अपने देश को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित करने का फैसला किया, तब महिलाओं के लिए खेल खेलने के बारे में सोचना भी बहुत मुश्किल था। यह फिल्म कई उदाहरणों की एक ड्रमैटिक रीटेलिंग है, जिसने झूलन गोस्वामी के जीवन और महिला क्रिकेट को भी आकार दिया है।

इसी के साथ आगे उन्होंने लिखा है– सपोर्ट सिस्टम से लेकर सुविधाओं तक, खेल खेलने से लेकर स्थिर आय तक, यहां तक कि क्रिकेट में भविष्य बनाने तक, भारत की महिलाओं को क्रिकेट को एक पेशे के रूप में अपनाने के लिए बहुत कम प्रेरित किया गया। झूलन का क्रिकेट करियर एक संघर्षपूर्ण और बेहद अनिश्चित क्रिकेट करियर रहा और वह अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए खड़ी रहीं। उन्होंने इस रूढिध को बदलने का प्रयास किया कि महिलाएं भारत में क्रिकेट खेलकर अपना करियर नहीं बना सकतीं, ताकि अगली पीढ़ी की लड़कियों को एक बेहतर खेल का मैदान मिले। अभी बहुत काम किया जाना बाकी है और हमें उन्हें सर्वश्रेष्ठ के साथ सशक्त बनाना है ताकि भारत में महिलाओं के लिए खेल फल–फूल सके।

